विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाईनिंग टेबल, कार्यालय टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
सही दाम विश्वसनीयता का प्रतीक
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 220 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 11 मई 2024 डाक 12 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा
रुद्रप्रयाग जिले में चार धाम यात्रा की शुरुआत के प्रतीक के रूप में, केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने के बाद भक्त वहां पूजा-अर्चना करने पहुंचे



देश-विदेश
अभी निवेशकों के लिए शुभ रहेगा सोना, इन कारणों से गोल्ड में आगे भी जारी रहेगी तेजी



फीचर पेज
सलमान खान की सिकंदर में हुई रश्मिका मंदाना की एंट्री



# वो कहते हैं कि संभल कर चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीएम का कांग्रेस पर बड़ा हमला



**भुवनेश्वर, 11 मई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के कंधमाल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पोखरण के परमाणु परीक्षण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 26 साल पहले आज ही के दिन अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और हमनें ये दिखा दिया था कि देशभक्ति से ओत-प्रोत सरकार देशहित के लिए, देश की सुरक्षा के लिए, देश के लोगों को आशा-अपेक्षा के लिए कैसे काम करती है। एक वो दिन था, जब भारत ने दुनिया को अपने सामर्थ्य से परिचित कराया था। दूसरी तरफ कांग्रेस बार-बार अपने ही देश को डराने की कोशिश करती है। पीएम मोदी ने कहा, वो कहते हैं कि संभल कर चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। ये मरे पड़े लोग, देश के आदमी को भी मार रहे हैं। वे पाकिस्तान के बम के बारे में बात करते हैं, लेकिन पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें नहीं पता कि इसे कैसे रखा जाए और वे अपने बम बेचने के लिए खरीदार की तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई भी उन्हें खरीदना नहीं चाहता, क्योंकि लोग उनकी गुणवत्ता के बारे में जानते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इसी कमजोर रवैये के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 60 साल तक आतंक भुगता है। देश ने कितने आतंकी हमले झेले हैं। देश भूल नहीं सकता कि आतंकियों को सबक सिखाने के बजाय ये लोग आतंकी संगठनों के साथ बैठकें करते थे।

26/11 के मुंबई हमले के बाद इन लोगों की हिम्मत नहीं पड़ी, कि आतंक के सरपरस्तों पर कार्रवाई करें। और क्यों। क्योंकि कांग्रेस और इंडी गठबंधन को लगता था कि अगर हम कार्रवाई करेंगे तो हमारा वोटबैंक नाराज हो जाएगा।

## पटना आ रहे पीएम मोदी को रोहिणी आचार्य ने चाय पर बुलाया है

**पटना, 11 मई [एजेंसी]।**



लोकसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर लगातार हमलावर है। 12 मई को पीएम नरेंद्र मोदी फिर से बिहार आ रहे। पटना में रोड शो करेंगे। 13 मई को पीएम छपरा (सारण लोकसभा सीट) में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम भाजपा प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के लिए वोट मांगेंगे। पीएम के इस कार्यक्रम पर राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी और सारण लोकसभा सीट से महागठबंधन की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने हमला बोला है। रोहिणी ने कहा कि उन्होंने कहा कि मैं तो पहले ही बोली हूं कि अंकल जी (पीएम) मढ़ौरा में आईए। चाचा-भतीजी मिलकर चाय पीएंगे। सारण में मिठास घोलेंगे। हमलोग बैठेंगे और चर्चा करेंगे कि कब लोगों को 2 करोड़ नौकरियां दी जाएंगी, विशेष राज्य का दर्जा कब दे रहे हैं। मेरे भाइयों को 15-15 लाख रुपये कब दे रहे हैं। यहां पर कब एम्स खोला जाएगा।

रोहिणी ने कहा कि अंकल मेरे लिए भी आकर थोड़ा रोड शो कर लिया कीजिए। मैं तो आपको चाय पर चर्चा लिए न्यौता दे रही हूं। मैं भी एक बेटी हूं। उन्हें मेरे लिए भी एक रोड शो करना चाहिए। आपकी ही पार्टी के लोगों ने कहा था कि रोहिणी आचार्य आदर्श बेटी है।

झारखंड के निशिकांत दूबे ने कहा था कि भगवान रोहिणी आचार्य जैसी आदर्श बेटी दे। मैं तो अपने भगवान से लड़ता हूं कि मुझे रोहिणी जैसी बेटी क्यों नहीं दिया। राजीव प्रताप रुडी पर तंज कसते हुए रोहिणी ने कहा कि आपलोग बेटा को तो देख लिए। पिछले 10 साल में उन्होंने क्या किया। केंद्रीय मंत्री के पद से उन्हें क्यों हटाया गया। जरा यह भी बताकर जाएं। यह बातें रोहिणी ने सारण में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

# सीएम केजरीवाल ने हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नईदिल्ली, 11 मई [एजेंसी]।**



तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद आज से केजरीवाल जोर-शोर से चुनाव प्रचार की शुरुआत करने वाले हैं। इससे पहले सीएम केजरीवाल पत्नी के साथ दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। जोश से भरे कार्यकर्ता केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं।

दिल्ली के मंत्री और आप नेता गोपाल राय ने कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की। दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, कल जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह हनुमान जी का आशीर्वाद लेने आए हैं। आज वह अपने परिवार और अन्य पार्टी नेताओं के साथ यहां आए हैं। कुछ दिन पहले सुनीता केजरीवाल हनुमान मंदिर आई थीं और कहा कि उन्होंने उम्मीद जताई थी कि वह जल्द ही अरविंद केजरीवाल के साथ यहां आएंगी। दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, जब अरविंद केजरीवाल को झूठे मामले में जेल में डाला गया था, तब सुनीता केजरीवाल ने कहा था कि वह अरविंद केजरीवाल के साथ यहां हनुमान मंदिर आएंगी। उन्हें 50 दिनों में जमानत मिल गई। हनुमान जी के आशीर्वाद से ऐसा हुआ है।

### फुटपाथ से चोरी छह माह की बच्ची महाराष्ट्र के कल्याण में 30 लाख में बेची, आठ गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस ने कॉलेज चौराहे से 6 माह की बच्ची के अपहरण में आठ आरोपितों गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों को 1500 किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के कल्याण से पकड़ा है। अभी तक 6 माह के मासूम के अपहरण मामले में कुल 8 आरोपित गिरफ्तार हुए हैं, जिनसे पूछताछ जारी है। बच्ची का सौदा 30 लाख रु में किया गया था। देर रात वारदात को दो नकाबपोश बाइक सवार युवकों ने अंजाम दिया था। राजस्थान के बारा निवासी मनीषा बाई और उसका पति अरविंद शहर के कॉलेज चौराहे में किचन सेट बेचने का काम करते हैं। 6 और 7 मई की दरमियानी रात तकरीबन 3 बजे वे अपने दो बच्चों के साथ सो रहे थे। एक बच्चे की उम्र 3 साल तो दूसरे बच्चे की उम्र 6 माह है।

## झांसी-कानपुर हाईवे पर दिल दहला देने वाला हादसा, डीसीएम की टक्कर से कार सवार दूल्हे समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत



**झांसी, 11 मई [एजेंसी]।**

कल देर रात झांसी कानपुर हाईवे पर थाना बड़ागांव के पारीछा ओवर ब्रिज पर हुए भीषण सड़क में बरात लेकर जा रही दूल्हे की कार को तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार में आग लग गई। कार सवार दूल्हा, उसका सात साल का मासूम भतीजा समेत चार बारातियों की मौके पर जलकर दर्दनाक मौत हो गई। कर में सवार दो लोगों को किसी तरह बचा लिया गया। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

हादसे के बाद परिवार में मातम मचा हुआ है। एरच थाना के बिलाटी गांव निवासी आकाश (23) बारात लेकर बड़ा गांव थाना के छापर गांव जा रहा था। उसकी कार में आकाश समेत उसका भाई भतीजा ईशु (7) एवं आशीष (20) समेत अन्य परिजन सवार थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे उनकी कार जैसे ही परीछा ओवर ब्रिज के पास पहुंची पीछे से आ रहे एक डीसीएम ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गई। सभी बाराती कर के अंदर फंस गए। कोई भी बाहर नहीं निकल पाया। दूल्हे की कार से कुछ दूर पर उनके अन्य परिजन भी थे। जब तक वह पहुंचे कार आग की लपटों में घिर गई थी। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। पुलिस ने किसी तरह आग बुझा कर अंदर से लोगों को निकाला। तब तक आकाश उसके भाई ईशू, आशीष समेत कर ड्राइवर की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

## शक्तिशाली सौर तूफान धरती से टकराया, संचार उपग्रह और पावर ग्रिड्स को हो सकता है नुकसान

**वॉशिंगटन।** कल एक शक्तिशाली सौर तूफान धरती से टकराया। बीते दो दशकों में ये धरती से टकराने वाला सबसे ताकतवर सौर तूफान था, इसके चलते तस्मानिया से लेकर ब्रिटेन तक आसमान में तेज बिजली कड़की। इस सौर तूफान का असर सप्ताहांत तक रहेगा और इसके असर से कई जगहों पर संचार उपग्रह और पावर ग्रिड्स को नुकसान हो सकता है। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के अंतरिक्ष मौसम अनुमान केंद्र के अनुसार, कई कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के चलते धरती पर यह तूफान आया।

उल्लेखनीय है कि सूर्य की सतह से प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र के निकलने को कोरोनल मास इजेक्शन कहा जाता है। इससे पहले अक्तूबर 2003 में सौर तूफान धरती से टकराया था। उस सौर तूफान को हैलोवीन तूफान नाम दिया गया था और उसके असर से पूरे स्वीडन में बिजली व्यवस्था ठप हो गई थी और साथ ही दक्षिण अफ्रीका में पावर ग्रिड्स को भारी नुकसान हुआ था।

# बद्रीनाथ-ऋषिकेश हाईवे बंद, सिरोबगड़ में लगातार गिर रहा मलबा, यात्रियों को रोका

**इंदौर, 11 मई [एजेंसी]।**



मौसम विभाग ने आज देश के कई राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। समाचार एजेंसी ने मौसम विभाग के हवाले से जानकारी दी है कि शनिवार को उत्तराखंड, तमिलनाडु और राजस्थान में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तरी भारत में मौसम में बड़ा बदलाव हो सकता है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात तेज बरसात जैसी गतिविधियां हो सकती है। इसके अलावा दिल्ली और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश होने के साथ तेज हवा चल सकती है।

भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ-ऋषिकेश हाईवे सिरोबगड़ के पास बंद हो गया है। इस कारण से बद्रीनाथ और केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को श्रीकोट-श्रीनगर और कलियासौड़ में रोका गया। इस बीच श्रीनगर कोतवाल होशियार सिंह पंखोली ने जानकारी दी है कि यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। सिरोबगड़ में लगातार मलबा गिरने से अभी तक सड़क नहीं खुल पाई है।

# 92 किमी तक की रफ्तार से चली आंधी, कहीं गिरे पेड़ तो कहीं इमारतें क्षतिग्रस्त, 3 की मौत दर्जनों घायलों

**नईदिल्ली, 11 मई [एजेंसी]।**



कल रात करीब 10 बजे आई तेज धूल भरी आंधी ने दिल्ली को झकझोर कर रख दिया। आंधी की रफ्तार 40 से 94 किमी प्रति घंटे तक रही और इसका असर लगभग एक घंटे तक रहा। आंधी के बाद हल्की वर्षा भी हुई। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ टूटकर गिर गए। धूल के बवंडर में लोगों के लिए वाहन चलाना मुश्किल हो गया। ऐसे में बहुत से चालक तो जहां थे वहीं खड़े होकर यह आंधी थमने का इंतजार करने लगे। आंधी की सबसे तेज रफ्तार राजधानी के पालम इलाके में 92 किमी प्रति घंटा रही। धूल भरी आंधी के कारण आईजीआई एयरपोर्ट पर कई उड़ानें प्रभावित हुई। प्रभावित उड़ानें एयरपोर्ट पर आंधी के थमने तक ठहरी रहीं। करीब दो दर्जन उड़ानें विलंब से रवाना हुई। डायल के अनुसार दो उड़ान जो दिल्ली की ओर आ रही थी, उन्हें जयपुर डाइवर्ट करना पड़ा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के साथ साथ ईरान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने की वजह से यह आंधी चली। इस साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर उत्तर पश्चिमी राजस्थान तक था। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार और रविवार को भी दिल्ली में तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने के आसार हैं। इसके चलते तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने दो दिन के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के चलते देश के उत्तरी हिस्से में अब बदलाव देखने को मिलेगा। इसके चलते उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात, तेज वर्षा जैसी गतिविधियां हो सकती हैं। वहीं, दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भी तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

### छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक बारिश और अंधड़ की संभावना

***रायपुर 11 मई।*** *छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक प्रदेश में अंधड़ के साथ बारिश के आसार हैं। साथ ही सोमवार 13 मई से बारिश की गतिविधि भी बढ़ सकती है। बारिश होने से तापमान में गिरावट आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी, उसके बाद तापमान में गिरावट आएगी। शुक्रवार को रायपुर सहित प्रदेशभर में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई।*

## मां को मारी गोली, पत्नी की हथौड़े से ली जान, तीन बच्चों को छत से फेंका, पांच कत्ल कर खुद ने दी जान




**सीतापुर, 11 मई [एजेंसी]।**

पाल्हापुर गांव में कल रात नशे की हालत में एक व्यक्ति ने मां-पत्नी व तीन बच्चों की हत्या करने के बाद खुद को भी गोली मार ली। घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। ग्रामीण आपस में कहासुनी के बाद वारदात किए जाने की बात कह रहे हैं। गांव के अनुराग सिंह के पिता वीरेंद्र सिंह की मौत हो चुकी है। अनुराग अपनी मां सावित्री देवी के साथ गांव में रहता था। उसकी पत्नी प्रियंका सिंह, बेटी आश्वी, आरना और बेटे आदविक के साथ लखनऊ में रहते थे। पत्नी प्रियंका बच्चों के साथ गांव आई थी। सूत्रों के अनुसार अनुराग की घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसी में उसने मां को गोली मार दी और पत्नी को हथौड़े के वार से व बच्चों को छत से फेंककर मारा डाला। मां, पत्नी व दो बच्चों की तो मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आदविक ने ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ल पुलिस बल के साथ मौके पर जांच पड़ताल कर रहे हैं। सुबह करीब नौ बजे एसपी चक्रेश मिश्र भी पहुंचे। पत्नी, बच्चे शुक्रवार को लखनऊ से गांव आए थे। अनुराग के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। पत्नी व बच्चे लखनऊ स्थित निजी आवास पर रहते हैं, बच्चे वही पढ़ते थे। पत्नी, बच्चे लखनऊ से शुक्रवार को ही गांव आए थे।

## ट्रक से टकराकर खाई में पलट गई कार, यूपी पुलिस के सिपाही की मौत



खतौली/मुजफ्फरनगर। दिल्ली देहरादून हाईवे पर अनियंत्रित होकर कार ट्रक से टकराकर खाई में पलट गई। हादसे में यूपी पुलिस के मुख्य आरक्षी की मौत हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया। हादसे की बाबत सिपाही के स्वजन को सूचना दी गई है। जनपद बागपत में थाना छपरौली के गांव हैवा निवासी अनुज शर्मा पुत्र जय भगवान शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में मुख्य आरक्षी थे। वर्तमान उनकी तैनाती पुलिस महा निरीक्षक मेरठ जोन के कार्यालय से संबद्ध थे। देर रात को कार में सवार हो कर वह मुजफ्फरनगर से मेरठ लौट रहे थे। खतौली थाना के भैंसी कट के निकट दिल्ली देहरादून हाईवे पर वीर दा ढाबा ने निकट मुख्य आरक्षण की कर और अनियंत्रित हो गई, जो आगे चल रहे ट्रक से टकराकर खाई में पलट गई। हादसे में मुख्य आरक्षी अनुज शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल खतौली पुलिस ने पल्लवपुरम स्थित प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान मुख्य आरक्षी की मौत हो गई।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. | MUFTI | KILLER | LEVI'S | BLACKBERRYS | nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# भीषण गर्मी ने कई क्षेत्रों में बढ़ाई परेशानी, पानी के लिए केवल लाईन ही नही, पदयात्रा करने की भी मजबूरी

कोरबा। गर्मी के मौसम कोरबा समेत छत्तीसगढ़ अनेक इलाकों में समस्याएं उतपन्न हो गई है। पानी प्राप्त करने के लिए ग्रामीणों क्षेत्रों रतजगा करना पड़ रहा है। कहीं लाईन में लगने की मजबूरी है तो कही पदयात्रा करने की।

कोरबा जिले के कोलफील्ड और अन्य क्षेत्रों में पानी की समस्या के पीछे जल स्तर का नीचे चले जाना प्रमुख कारण है। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी मुश्किले है। केंद्र और राज्य सरकार हर घर में नज जल और जल जीवन मिशन योजना के तहत साफ पानी देने का दावा कर रही है, लेकिन बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर से सटे ग्राम पंचायत पीपरपान की यह तस्वीर सरकार के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। विकासखंड के ओरंगा और पीपरपान गांव के बीच में करीब दो किमी जोरीकहुआ नाला बहता है। यह नाला दोनों गांव के लोगों की जीवन रेखा है।

पीपरपान के करीब 25 पंडो परिवार के बस्तियों में न हैंडपंप है और न ही प्रशासन ने कुआं खुदवाया है। इस वजह से इन परिवार के सदस्यों को रोजाना दो किमी दूर चिलचिलाती धूम में पैदल चलकर नाले से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि वे दिन में सिर्फ एक बार ही पानी लेने जा पाते हैं।



वहीं, ओरंगा के 30 से अधिक परिवार भी इसी नाले पर ही निर्भर है। लोग गांव से जंगल के रास्ते से होकर करीब दो किमी दूर नाले तक पहुंचते हैं, तब जाकर उन्हें पानी मिलता है। कभी-कभी जानवरों के उसी नाले में नहाने के कारण पानी गंदा भी हो जाता है। यह लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्रामीणों के साथ गांव के सरपंच ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नेता व मंत्रियों से हैंडपंप लगवाने के लिए कई बार गुहार लगाई है। लेकिन अब तक ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन ही मिला है। हैंडपंप खुदवाया, लेकिन मशीन नहीं लगाई पिपरपान गांव के लोग दो किमी दूर नाले से पानी लेने जाते हैं। यहां दो साल पहले सेठवाखाड़ में विधायक मद से हैंडपंप बनाने के लिए खुदाई कराई गई थी, लेकिन आज तक उस हैंडपंप में ऊपर का मशीन अधिकारियों की उदासीनता के कारण नहीं लगाया गया है। इस वजह से लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूरजपुर जिले के 12 से अधिक ऐसे गांव है, जहां लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए एक किमी दूर चलना पड़ता है। भैयाथान विकासखंड ग्राम पंचायत गोबिंदगढ़ के बिरसा में 22 पंडो परिवार रहते है। उन्हें पीने के साथ दूसरे कामों के लिए पहाड़ से निकलने वाले पानी पर आश्रित रहना पड़ता है। पहाड़ पर जहां पानी का स्त्रोत है, वह गांव से एक किमी दूर है। ऐसे में बुजुर्गों और बच्चों को पहाड़ चढ़कर पानी लाने में समस्या होती है। करीब सात साल पहले पंडों परिवार की बस्ती में हैंडपंप खुदवाया था, लेकिन उससे पानी नहीं निकला। हैंडपंप आज भी उसी स्थिति में है।

बलरामपुर के रामचंद्रपुर ब्लॉक के कुंडपान, बेलकूर्ता, बसेरा, औरंगा, सुंदरपुर, चरगढ़, भीतरचुरा, नीलकंठपुर, बाहरचुरा, अनपारा के साथ अन्य गांव ड्राइजोन में आते हैं। इन गांवों में करीब 600 फीट तक नीचे पानी मिलता है। कई जगहों पर 650 फीट तक का बोर कराने पर भी पानी का स्त्रोत नहीं है। गर्मी में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है। गांव के जल स्त्रोत सूख गए हैं। पानी की समस्या से दर्जनों गांव के लोग परेशान हैं। वहीं जल जीवन मिशन के तहत अब तक इन गांवों में दिखावे के लिए सिर्फ टंकी ही बनाया गया है।

दोनों गांव में पानी की व्यवस्था कराई जाएगी ट्रआपके माध्यम से पिपरपान और ओरंगा के ग्रामीणों को हो रही समस्या के बारे में पता चला। तत्काल दोनों गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था कराई जाएगी।

# कोल पेंशनर्स को भेज रहे रिवाइज्ड पीपीओ

कोरबा। कोल पेंशनर्स के जीवनसाथी का परेशानी मुक्त पेंशन शुरू करने रिवाइज्ड पीपीओ (पेंशन पेमेंट ऑर्डर) स्पीड पोस्ट, कूरियर से रिटायर्ड कोयला कर्मियों के पते पर भेजे जा रहे हैं। सीएमपीएफओ ने यह कार्य शुरू कर दिया है तो सही व्यक्ति के हाथों तक रिवाइज्ड पीपीओ भेजे जाने ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव (एआईएसीई) ने बैंकों के नेटवर्क का उपयोग कर पेंशनभोगियों को वितरण का सुझाव दिया है।कोल पेंशनर की मृत्यु पर जीवनसाथी को बैंक शाखा के दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव में इससे परेशानी भी होती है। इस कारण कई बार समय पर पेंशन शुरू होने से कोल पेंशनरों के जीवनसाथी को मानसिक रूप से भी परेशान होना पड़ता है। इस परेशानी से छुटकारा दिलाने और विधवा पेंशन बिना किसी लेटलतीफी के शुरू करने कोल माइंस प्रोविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) ने देश के लगभग 6 लाख पेंशनभोगियों का पीपीओ रिवाइज्ड किया जा रहा है।दूसरी जगह पर हो चुके शिफ्ट रिटायर के बाद अनेक कोयला कर्मचारी दूसरे जगह पर शिफ्ट हो चुके हैं। जिले में एसईसीएल की कोयला खदानें है, जहां से रिटायर होने के बाद अनेक कर्मचारियों ने अपने गांव या फिर दूसरे जगह पर शिफ्ट हो गए हैं। इस कारण से भी पीपीओ को रिवाइज्ड किए जाने में देरी हुई। कोल इंडिया को एसईसीएल समेत अन्य सहायक कंपनियों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर हेल्प डेस्क स्थापित करना पड़ा। इससे कोल पेंशनरों के डेटा संग्रहण में भी तेजी आई। रिटायर्ड कोयला कर्मियों ने इसका लाभ उठाया।30 जून के पहले भेजनी होगी जरूरी जानकारी कोल पेंशनरों का पीपीओ रिवाइज्ड करने 30 जून के पहले मांगे गए जरूरी जानकारी भेजना होगा।

# पवन अग्रवाल बने लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के अध्यक्ष

कोरबा । लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल की संचालक मंडल एवं सामान्य सभा की बैठक में लायनिज्म सत्र 2024-25 हेतु सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठन समिति के चेयरमेन एवं क्लब मार्गदर्शक पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। लायन राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि सत्र 2024-25 हेतु क्लब अध्यक्ष की बागडोर एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल (आटो सेंटर) को सौंपी गयी है। वहीं क्लब सचिव के पद पर लायन सुरेंद्र कुमार डनसेना एवं क्लब कोषाध्यक्ष के लिए लायन दीपक जायसवाल को जिम्मेदारी दी गई है।

क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष हेतु लायन सुभाष चंद अनंत एवं द्वितीय उपाध्यक्ष हेतु लायन पार्वती दास को नियुक्त किया गया है। क्लब के वरिष्ठ सदस्यों लायन भोजराम राजवाड़े, लायन नूतन राजवाड़े, लायन आशीष अग्रवाल, लायन संदीप कंवर, लायन त्रिलोकचंद अग्रवाल, लायन बिजय अग्रवाल, लायन विकास अग्रवाल, लायन रवि अग्रवाल, लायन श्यामल मल्लिक, लायन मधुलता राजवाड़े को संचालक मंडल के सदस्य के रूप में पदभार दिया गया। क्लब मेम्बरशीप चेयरपर्सन हेतु लायन प्रेमलता अग्रवाल, एलसीआईएफ चेयरपर्सन लायन दर्शन अग्रवाल, सर्विस चेयरपर्सन हेतु निवृत्तमान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता एवं मार्गदर्शक एवं व्यवस्थापक हेतु पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को पदभार दिया गया।

बैठक में वर्तमान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता ने सत्र भर साथ देने वाले अपनी टीम का आभार व्यक्त कर आगामी क्लब अध्यक्ष लायन पवन अग्रवाल (आटो सेंटर) ने सभी सदस्यों से पूर्ण सहयोग की कामना करते हुये आगामी सत्र को और भी अधिक बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कहा कि लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल को सेवाकार्यों से नई ऊंचाईयां प्रदान करने का प्रयास करेंगे और टीम भावना को मजबूती प्रदान करेंगे।

## भगवान परशुराम की झांकी भी निकाली

कोरबा। अक्षय तृतीया के अवसर पर पुष्प वर्षा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों के साथ बाबा श्याम मंदिर से निकल कर शोभायात्रा परशुराम चौक, बस स्टैंड, कारगिल चौक होते हुए वापस श्याम मंदिर पहुंची।

यहां शोभायात्रा में शामिल व्यपारी, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। भव्य शोभायात्रा यात्रा में भगवान परशुराम की झांकी भी बनाई गई थी। धर्म प्रेमियों ने जगह-जगह ठंडा पानी व कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा के दौरान कोतबा चौकी प्रभारी समरेंद्र सिंह के निर्देश पर पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद की व्यवस्था रही।

# मातृ दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा देने पर होगा काम

कोरबा। मातृ दिवस के अवसर पर मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष के ट्रस्टी सद् गृहस्थ संत श्री संकर्षण महाराज जी की प्रेरणा से मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की बिलासपुर शाखा द्वारा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श शिविर 12 मई 2024 रविवार को क्रांति नगर, हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित है।





पतंजलि योगपीठ हरिद्वार उत्तराखण्ड से प्रशिक्षित छत्तीसगढ़ प्रान्त के ख्यातिलब्ध सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ, नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा देंगे अपनी चिकित्सकीय सेवायें।मातृ दिवस के अवसर पर मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष के ट्रस्टी सद् गृहस्थ संत श्री संकर्षण महाराज जी की प्रेरणा से मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की बिलासपुर शाखा द्वारा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श शिविर 12 मई 2024 रविवार को क्रांति नगर, हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया गया है। इस विषय मे मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की बिलासपुर शाखा प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता ने बताया की मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की स्थापना ट्रस्ट के ट्रस्टी सद् गृहस्थ संत श्री संकर्षण महाराज जी ने की, जिसका प्रधान कार्यालय नैनी प्रयागराज में है। जिसके सेवा प्रकल्पों में निःशक्त जनों की सेवा, निर्धन कन्या विवाह कराना तथा उनमें सहयोग करना एवं मातृ शक्ति का सम्मान तथा सेवा करना मुख्य रूप से हैं। इसी तारतम्य में मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की बिलासपुर शाखा द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श शिविर 12 मई 2024 रविवार को क्रांति नगर, हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें हजारों रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष प्रायोगिक 15 वर्षों से अधिक का चिकित्सकीय अनुभव रखने वाले, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार उत्तराखण्ड से प्रशिक्षित छत्तीसगढ़ प्रान्त के ख्यातिलब्ध सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ, नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें देंगे। जो कैंसर, मधुमेह, थायरायड, ब्लडप्रेशर, श्वास, टी.बी.,लकवा, साइटिका, गठियावात, पथरी, पीलिया, मस्तिष्कगत रोग माइग्रेन, डिप्रेशन, अनिद्रा, अम्लपित्त, गैस, दुर्बलता, बन्ध्यत्व (स्त्री-पुरुष), श्वेत प्रदर, रक्त प्रदर, हृदय रोग, चर्मरोग, सोरायसिस, एक्जिमा, शीतपित्त आदि स्त्री, पुरुषों एवं बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों का त्रिविध प्रकार से स्वास्थ्य परीक्षण कर संबंधित रोग के नियंत्रण एवं उपचार हेतु परामर्श के साथ साथ उनके लिये उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण भी देंगे। साथ ही रोगियों को उनके लिये उपयोगी जीवनशैली के बारे में भी व्यक्तिगतरूप से परामर्श देने के साथ साथ उनके लिये लाभकारी दिनचर्या-ॠतुचर्या, आहार-विहार के विषय मे व्यक्तिगतरूप से विस्तार से परामर्श देंगे। मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की बिलासपुर शाखा प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता ने मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की बिलासपुर शाखा द्वारा आयोजित इस विशेष निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श शिविर का अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या मे लाभ उठाने की अपील की है।शिविर का लाभ उठाने हेतु, पंजीयन कराने एवं अन्य जानकारी हेतु मो.नंबर 9893363300 पर संपर्क कर जांच हेतु निर्धारित समय प्राप्त किया जा सकता है जिससे शिविरार्थियों को असुविधा न हो ।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा । निजी अस्पताल/नर्सिंग होम द्वारा महिला एवं पुरुष नसबंदी कार्यक्रम वर्ष 2024-25 के संचालन हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार नियोजन (महिला एवं पुरुष) कार्यक्रम के संचालन हेतु निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम को जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा मान्यता लेना आवश्यक है। इस वर्ष परिवार नियोजन कार्यक्रम संचालन हेतु इच्छुक निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम संचालकों को आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में आवेदन करना होगा। साथ ही पूर्व में मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय/नर्सिंग होम को पुनः आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन एवं इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

## नवीन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 अंतर्गत जिला स्तरीय समिति गठित

कोरबा । सड़क परिवहन और राजमार्ग, मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा पूर्व में लागू की गई तोषण स्कीम 1989 के स्थान पर 'नवीन टक्कर मार भागना मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022' लागू की गई है, जिसके तहत जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। गठित समिति अंतर्गत दावा निपटान आयुक्त हेतु जिला कलेक्टर अध्यक्ष के रूप में शामिल रहेंगे। साथ ही सदस्यों में जिला पुलिस अधीक्षक, जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, अध्यक्ष द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट सड़क सुरक्षा पहलुओं से संसक्त लोक या स्वैच्छाया संगठन का कोई सदस्य, सदस्य सचिव के रूप में साधारण बीमा परिषद् द्वारा नामनिर्दिष्ट अधिकारी तथा दावा जांच अधिकारी के रूप में अनुविभागीय दण्डाधिकारी शामिल होंगे।

# कोरबा जिले के साथ विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ और बेमौसम बारिश का अलर्ट,बरतनी होगी सावधानी

कोरबा । नवतपा से पहले कोरबा जिले के अलावा न केवल आसपास के जिलो बल्कि बड़े हिस्से में अगले कुछ दिनों तक बादल और बारिश के हालात रहेंगे। राज्य में कहीं-कहीं पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि 12 मई से 14 मई तक सभी संभागों में अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, अगले 2 दिन 2 से 3 डिग्री दिन का तापमान बढ़ेगा। शुक्रवार को सबसे अधिकमत तापमान 43.3 डिग्री कोरबा में रिकार्ड किया गया ।

चार दिन पहले ही कोरबा में जमकर अंधड़ आने से कई प्रकार के नुकसान हुए । पूरे जिले में इसका असर देखा गया। मजबूत पेड़ो के टूटने के कारण बिजलीपूर्ति बाधित रही। तेज हवाओं के साथ आंधी चलने के कारण बारिश कई जगह पेड़ गिरने से रास्ता बाधित हो गया । जिले में आकाशीय बिजली गिरने से भी नुकसान हुआ।



तीन मवेशियों की भी मौत हुई है।मौसम विभाग के मुताबिक गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान कहीं-कहीं पर बादलों की गरज के साथ अंधड़ भी चल सकती है।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 13 मई से बारिश, अंधड़ और गरज-चमक पड़ने की गतिविधियां बढ़ेंगी। इसका असर राज्य के सभी संभागों में नजर आएगा। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट आएगी। 15 मई तक प्रदेश में यही हालात रहेंगे।उत्तर-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवात है। यहां से मध्यप्रदेश, झारखंड, प. बंगाल होते हुए दक्षिण असम तक एक द्रोणिका है। मध्यप्रदेश और आसपास 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवात है। इस सिस्टम की वजह से समुद्र से नमी आ रही है। राजस्थान और मध्यप्रदेश में इस वजह से बारिश हो रही है। छत्तीसगढ़ में भी इसका असर दिख रहा है।शुक्रवार को सरगुजा संभाग के सूरजपुर के भैयाथान इलाके में आंधी के चलते कई पेड़ गिरे। इस दौरान एक कार पर भी पेड़ गिरने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार सवार बाल-बाल बच गए। अंबिकापुर में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम था। वहीं, रात का पारा 20 डिग्री रहा, जो औसत तापमान से 2 डिग्री कम था।गैरेला-पेंड्रा-मरवाही में भी आंधी और बारिश ने तबाही मचाई। पेंड्रा के ग्राम लमना के खुटनटोला में आकाशीय बिजली गिरने से तीन मवेशियों की मौत हो गई। वहीं, कई जगहों पर पेड़ गिर पड़े। इसके चलते बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे भी जाम हो गया। एंबुलेंस सहित कई वाहन जाम में फंसे रहे।वहीं, अमरकंटक रोड पर भी लंबा जाम लग गया। कारीआम गांव के मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से बिलासपुर-पेंड्रा-जबलपुर रोड पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। वहीं एक पेड़ सड़क किनारे खड़ी बोलेरो पर गिर पड़ा। इसके बाद दोनों ओर से वाहनों की लंबी लाइन लग गई। शक्रवार को यहां अधिकतम पारा 37.4 डिग्री रहा।

# तापमान बढ़ने से वन्य क्षेत्रों में प्राणियों को नहीं मिल रही सुविधा, आ रहे आबादी वाले इलाके में



कोरबा । कोरबा जिले में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुनः जिले के जंगलों से वन्यप्राणियों का भटक कर आबादी क्षेत्रों में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। वन्य प्राणी आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही जंगल के समीप बसे गांव में भी पहुंचकर पानी की तलाश कर रहे हैं। इसके साथ ही ये वन्य प्राणी भी जंगलों से भटककर आबादी क्षेत्रों में आने के बाद कभी-कभार ही सुरक्षित जंगलों में लौट पाते हैं। उनका गांव के ही लोग उनका शिकार कर लेते हैं या फिर वे गांव के आवारा कुत्तों के शिकार बन जाते हैं।

बढ़ती गर्मी के साथ जंगलों में मौजूद प्राकृतिक जल स्त्रोतों में पानी की मात्रा तेजी से घट रही है। वहीं कई जल स्त्रोत तो अप्रैल माह के शुरूआती दिनों में ही दम तोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि यही वजह है कि वन्य प्राणी पानी की तलाश में भटकते हुए जंगलों से लगे आसपास के गांवों में पहुंच रहे हैं। इसकी एक वजह ग्रीष्म ॠतु के दौरान जंगलों में प्राकृतिक रूप से अथवा मानवीय चूक के कारण लगने वाली आग भी है। क्योंकि जंगलों में आग लगने के बाद कई प्राणी न सिर्फ भयभीत हो जाते हैं बल्कि शाकाहारी वन्यप्राणी की खुराक भी नष्ट हो जाती है और मजबूरन उन्हें भोजन पानी के लिए भटकना पड़ता है।

# रूपए लेकर नहीं लौटाए ,परेशान पास्टर ने जहर खा कर जान दी

कोरबा। कठिन समय पर दूसरों की सहायता करना भी कई बार नकारात्मक परिणाम दे देता है और इसके लेने के देने पड़ जाते हैं। कोरबा जिले में एक चर्च से जुड़े पास्टर रमेश पाटले के साथ कुछ ऐसा ही हुआ जिसकी जहर सेवन से मौत हो गई। काफी समय पहले उसके द्वारा अपने परिचित शरद मसीह और रंजीत रात्रे को आर्थिक सहायता दी गई थी संबंधित लोगों ने सही समय पर इसे वापस करने का भरोसा दिया था लेकिन बाद में दगा दे दिया। अपनी ही रकम को वापस लेने के लिए पास्टर को काफी पापड़ बेलने पड़े लेकिन इसके कोई नतीजे नहीं आ सके। लंबी चपत लगने से वह वैसे ही परेशान था उल्टे उसे धमकियां भी प्राप्त होने लगी । इससे त्रस्त होकर उसने खतरनाक कदम उठा लिया। अपने घर पर जहर का सेवन करने पर पीड़ित को कोरबा के एक नीचे अस्पताल ले जाया गया कोई खास सुधार नहीं आने पर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया जहां पर उसकी मौत हो गई जहरीले पदार्थ का सेवन करने के पीछे की कहानी को लेकर उसने अपने नजदीकी व्यक्ति को ऑडियो संदेश भेजो जिसमें इस मामले से जुड़ी बात शामिल है। पास्टर के पुत्र सुबोध और भाई शिवम ने बताया कि तीन पेज का सुसाइड नोट इस मामले में प्राप्त हुआ है जिसमें शरद मसीह, रंजीत रात्रे और राजू श्रीवास के नाम का जिक्र है। इसमें लिखा गया है कि किस प्रकार से इन लोगों ने हमारे परिजन से कई लाख रूपए उधार लिए और वापस करने के बजाय परेशान किया तथा झूठे केस में फसाने का काम किया। पीड़ित लोग चाहते हैं कि पतले की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भरती पास्टर की मौत के बाद उसका शव परीक्षण सूर्यास्त होने के कारण शुक्रवार को नहीं हो सका अब यह प्रक्रिया शनिवार की सुबह की जाएगी । पुलिस ने इस मामले में 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मार्ग कायम किया है। सुसाइड नोट्स और परिजनों के दावे के आधार पर इस मामले में अगली कार्रवाई पुलिस की ओर से की जाएगी

## आंगनबाड़ी को नोटिस, कियोस्क को दी राहत प्रबंधन ने

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रजगामार का प्रबंध सुविधाओं के मामले में कुछ लोगों पर बेहद मेहरबान बना हुआ है। ओमपुर कॉलोनी में किओस्क के लिए उसने अब अतिरिक्त आवास का आवंटन कर दिया है जबकि जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का सुधार करने के बजाय उसे खाली करने के लिए नोटिस दिया गया है। इस प्रकार की हरकतों से प्रबंधन के एक अधिकारी पर रिश्तेदारों से अच्छे रिश्ते रखने का आरोप लग रहा है।

ऐसा लगता है कि रजगामार में कियोस्क संचालक के साथ प्रबंधन अपने रिश्तों को और भी ज्यादा मजबूत करने के चक्कर में है। स्थानीय स्तर पर संचालक को पहले ही ओमपुर कॉलोनी में दो आवास की सुविधा दे दी गई थी। हाल में ही उसे भी टाइप एक और आवास दे दिया गया है। जबकि सीसीएल के कर्मचारी आवासों के मामले में परेशान हो रहे हैं। इसके ठीक उल्टे प्रशासन के द्वारा इस इलाके में दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने के लिए कहा गया है। एसईसीएल के आवास में काफी समय से चल रहे एक आंगनबाड़ी केंद्र का सुधार करने के लिए कार्यकर्ता ने आवेदन दिया था जिस पर जरूरी कार्रवाई करने के बजाय अब उसे खाली करने के लिए कहां जा रहा है। कार्यकर्ता माधुरी देवी ने बताया कि इस रवैया के कारण केंद्र का संचालन करने में काफी समस्याएं हो रही है। यहां बताना जरूरी होगा कि सीसीएल कॉलोनी में लगातार कर्मचारियों के रिटायरमेंट के साथ आवास खाली हो रहे हैं काफी संख्या में आवास जर्जर स्थिति में है जिन्हें बचाने की चुनौती है इन सब के बीच आपात्र लोगों का कब्जा ऐसे आवास में हो रहा है। इस तरफ प्रबंधन के अधिकारी गंभीरता दिखाने के बजाय अपने दूसरे आवासों को रिश्तेदारों को बांटने में लगे हुए हैं।

# गाली देने पर हत्या, मिली उम्रकैद




**जांजगीर- चांपा।** भांजे की हत्या करने वाले मामा को सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।अभियोजन के अनुसार 23 मई 2022 को रात लगभग 9 बजे पेंड्री थाना पामगढ़ निवासी मनोज कुमार सूर्यवंशी (38) पिता रामलाल जमीन की रजिस्ट्री के संबंध में अपनी बहन दिलबाई से बात कर रहा था। उसी समय दिलबाई का बेटा हरिश आया और मां को गाली क्यों दे रहे हो कहकर मारपीट करने लगा।

तब मनोज कुमार गुस्से में आ गया और धारदार चाकू से उसके गले पर प्रहार कर दिया। गहरी चोट लगने पर वह लहू लुहान होकर गिर पड़ा। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंअर रेफर किया गया। उसे बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान 25 मई 2022 को उसकी मृत्यु हो गई। तोरवा थाने में मर्ग कायम किया गया और डायरी विवेचना के लिए पामगढ़ भेजा गया।

पुलिस ने आरोपित मामा मनोज कुमार सूर्यवंशी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले में मृतक की बहन पायल जोशी प्रत्यदर्शी साक्ष्य थी। उसके बयान और अन्य साक्ष्य के आधार पर मनोज सूर्यवंशी को भादवि की धारा 302 के लिए सत्र न्यायालय ने दोषी ठहराया और आजीवन कारावास तथा 5 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं पटाए जाने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भु गताए जाने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने पैरवी की।

# तनौद और चौराभांठा में तय उम्र से पहले हो रहा था विवाह, रोका गया



**जांजगीर - चांपा ।** अक्षय तृतीया के दिन दो किशोर की बरात जाने वाली थी। ऐन वक्त पर सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम नवागढ़ ब्लाक के ग्राम चौराभांठा और पामगढ़ ब्लाक के ग्राम तनौद पहुंची और दोनों किशोर का विवाह रोका गया।जिले में जागरूकता के अभाव में किशोर और किशोरी वर्ग की शादियां हो रही है।सूचना मिलने पर महिला बाल विकास विभाग की टीम गांव पहुंचती है और स्वजन को समझाइश देकर विवाह रोका जाता है।

शुक्रवार अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाह संबंधी सूचना मिलने पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चौरा भाठा बालक के घर टीम पहुंची। परिवार वाले बरात जाने की तैयारी में जुटे हुए थे। टीम ने दस्तावेजों की जांच की जिसमें बालक का उम्र 18 वर्ष तथा 8 माह होना पाया गया। जिस पर स्वजन को बालिग होने पर विवाह करने की समझाइश दी गई और विवाह रोका गया। अधिकारी कर्मचारी द्वारा बालक एवं उसके माता - पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया और लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् विवाह करने की समझाईश दी गई। जिसके पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालक के माता - पिता की सहमति से दोनों बालकों का विवाह रोका गया है। टीम में जिला बाल संरक्षण इकाई से कुलदीप कुमार चौहान, निर्भय सिंह, प्रभा गढ़ेवाल, जोहित कश्यप, प्रीवंधा साहू शामिल थी।

**बालक के अनपढ़ होने का बहाना**

बाल विवाह के दूसरे मामले में टीम ग्राम पंचायत तनौद पहुंची। बालक के घर पहुंचकर उम्र का पता लगाने के लिए स्वजन से दस्तावेजों की मां की गई। जिस पर स्वजन ने बालक के पढ़ाई नहीं करने और अनपढ़ होने का बहाना बनाया। जिसके बाद टीम को शंका हुई तो स्कूल से दाखिला खारिज निकलवाया गया जिसके आधार पर बालक का उम्र 19 वर्ष 4 माह 29 दिन ही हुआ था।

**कार्रवाई नहीं होने से कानून का डर नहीं**

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, टेंट प्रभारी डीजे साउड, धुमाल प्रभारी, भोजन बनाने वाले रसोइया हलवाई, केटरिन प्रभारी, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम के तहत दो वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा एक लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रविधान हैमगर इसके आद भी अभिभावकों में कानून का डर नहीं है और वे नाबालिग बेटी की विवाह तय होने पर उसकी शादी करने लगे हैं।

## शादी में लहराया हथियार, एक का सीना हुआ लहूलुहान, महिलाओं में मच गई खलबली



**जांजजीगर।** जिले में एक शादी कार्यक्रम में चाकूबाजी की वारदात हो गई। जेवरा में चूलमाटी में जा रहे एक युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर दूसरे युवक पर मुर्गी काटने के हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इससे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मुलमुला पुलिस के अनुसार जेवरा निवासी राकेश केंवट की शादी हो रही थी। शादी के दौरान जेवरा के बाजार चौक से डीजे बजवाते हुए सुनिल कश्यप अपने साथियों के साथ चूलमाटी के कार्यक्रम में मंदिर की ओर जा रहा था। वे स्कूल के पास पहुंचे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर मौके पर शत्रुहन केंवट मुर्गी काटने वाला हथियार लेकर पहुंचा और सुनिल को जान से मारने की धमकी देकर सुनिल पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे सुनिल के गर्दन में गंभीर चोटें आई है। उसे प्राथमिक उपचार के लिए पहले पामगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराए। फिर युवक की हालत गंभीर होने पर उसे बिलासपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शत्रुहन केंवट के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इधर पीड़ित युवक के परिजन उसकी हालत को देखकर परेशान हैं।

मुलमुला थाना क्षेत्र में कई तरह के दलाल भी सक्रिय हैं। जो मामले में कार्रवाई किस तरह करानी है इसके लिए जरूरी फीस की बात कही जा रही है। कुछ इसी तरह की बातें सामने आई जब एक मोबाइल धारक अपने आप को मुलमुला थाने का आदमी बताया और चाकूबाजी की घटना में आरोपी की गिरफ्तारी जल्द करा देने की बातें पीड़ित परिवारों से किया, फिर इस फोन नंबर से दोबारा फोन किया तो उसने फोन उठाना बंद कर दिया।मुलमुला थाना प्रभारी विनोद जाटवर ने बताया कि एफआईआर डॉक्टरी मुलाहिजा के बाद दर्ज की जाती है। डॉक्टर के द्वारा बताए गए चोंट की प्रकृति के हिसाब से एफआईआर दर्ज की जाती है। यदि पीड़ित को और भी गंभीर चोट है तो धारा बढ़ाई भी जा सकती है।

## बारहवीं में फेल होने पर छात्रा ने लगाई फांसी

**जांजगीर - चांपा।** बारहवीं की परीक्षा में फेल होने पर निराश छात्रा ने गुरूवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह जब घर के सदस्य उठे तो उसका शव फंदे में लटक रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा गया।जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदरी की छात्रा निशा मानिकपुरी ने बारहवीं की परीक्षा दी थी। गुरूवार को परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। वह भौतिक और रसायन शास्त्र में फेल थी। परिणाम आने के बाद वह मायूस हो गई थी।

रात में जब परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने चले गए। निशा भी अपने कमरे सोने चली गई और देर रात उसने पंखे में अपनी चुनरी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई। शुक्रवार की सुबह 6 बजे जब घर के सदस्य उठे तो निशा का शव फंखे में लटक रहा था। स्वजन ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी और थाने में भी सूचित किया गया। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। प्रथम दृष्टया मामला परीक्षा में फेल होने का ही सामने आया है।



## यामिनी बरेठ ने कक्षा दसवीं में 88.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया जिले का मान



**जांजगीर-चांपा।** विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल जांजगीर की कक्षा 10वीं की छात्रा यामिनी बरेठ पिता स्व. झाड़ू राम बरेठ, माता श्रीमती गीता देवी बरेठ, भाई पवन, पंकज बरेठ ने माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर (सीजी बोर्ड) द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में 88.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। होनहार छात्रा यामिनी बरेठ की इस उल्लेखनीय सफलता पर बरेठ समाज छत्तीसगढ़ ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की है।

## निकिता राठौर ने कक्षा 12वीं में 88.2 प्रतिशत अंक से की परीक्षा पास



**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल जांजगीर की कक्षा 12वीं गणित संकाय (अंग्रेजी माध्यम) की छात्रा निकिता राठौर पिता उमेश राठौर, माता श्रीमती दुर्गेश राठौर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर (सीजी बोर्ड) द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में गुंजन के छात्र-छात्राओं ने किया कमाल



**सक्ति।** जिला सक्ति के ख्याति प्राप्त इंग्लिश मीडियम स्कूल गुंजन एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं ने हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। इस बार कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं में संस्था का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा।? कक्षा दसवीं में यश साहू ने 91.5प्रतिशत के साथ प्रथम, स्नेहल अग्रवाल 90.66प्रतिशत के साथ दूसरे, परिनीति कांस्यकार 88.5प्रतिशत के साथ तीसरे, समृद्धि पांडे 87.83प्रतिशत के साथ चौथे, भारती साहू 82.66प्रतिशत के साथ पांचवें,वैभव अग्रवाल 82.50प्रतिशत के साथ छठवें, प्राची देवांगन 81.83प्रतिशत के साथ सातवें, अक्षय मनहर 81.33प्रतिशत के साथ आठवें, अरमान गबेल 75.33प्रतिशत के साथ नौवें तथा खुशी राठौर 72.16प्रतिशत के साथ दसवें स्थान पर रही ?। कक्षा दसवीं में संस्था के छात्र-छात्राओं ने गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त किया।? इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में कार्मस संकाय से पलक अग्रवाल ने 89.80प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय से मुस्कान गबेल ने 84.80प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर, कार्मस संकाय से प्रथम अग्रवाल ने 77.80प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान, चन्चल अग्रवाल ने 72.80प्रतिशत के साथ चौथा स्थान, विज्ञान संकाय से काजल साहू ने 70.40प्रतिशत के साथ पांचवा, सुभ्रा देवांगन 68.40प्रतिशत के साथ छठवें, कार्मस संकाय से सौरभ अग्रवाल ने 68प्रतिशत के साथ सातवें तथा विज्ञान संकाय से श्रद्धा गवेल ने 66.20प्रतिशत के साथ आठवें, खुशी पटेल ने 65.60प्रतिशत के साथ नौवें तथा कार्मस संकाय से प्रिंसी डालमिया 65.20प्रतिशत के साथ दसवें स्थान पर रहे। संस्था का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा । जिसमें संस्था के डायरेक्टर नितिन सोनी ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। तथा जिन छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके निराश ना होने की सलाह देते हुए, कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।?

# जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार वनमण्डल तथा राज्य स्तरीय वन उडनदस्ता टीम की संयुक्त कार्यवाही

**सक्ती।** जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार वनमण्डल तथा राज्य स्तरीय वन उडनदस्ता टीम द्वारा विगत दिवस जांजगीर-चांपा वनमण्डल के अंतर्गत सक्त्ती वन परिक्षेत्र में 02 आरामील एवं फर्नीचर मार्ट में छापामार जांच की कार्यवाही की गई। वनमण्डलाधिकारी जांजगीर-चांपा प्रियंका पांडेय, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल ,प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख, सीसीएफ बिलासपुर एवं सीसीएफ रायपुर के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले के द्वारा गहन जांच एवं सतत् कार्यवाही से सागौन के अवैध परिवहन एवं अवैध तस्करी के संबंध में संलिप्त वृहद स्तर के गिरोह संज्ञान में आया है। वनमण्डलाधिकारी जांजगीर-चांपा ने बताया कि यह पूरी कार्यवाही 27 मार्च 2024 को ग्राम बिर्रा, जिला जांजगीर-चांपा में सड़क मार्ग से सागौन लकड़ी के लठठों के अवैध परिवहन से



प्राप्त गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर संपादित किया गया है, जिसमें जांजगीर-चांपा वनमण्डल के सक्ती परिक्षेत्र के अंतर्गत चंद्रपुर बिट के ग्राम खैरा में खीर प्रसाद चंद्रा के परिसर में बिना लायसेंस के अवैध रूप से 01 आरामिल संचालित किया जा रहा था । कार्यवाही के दौरान मिल के अंतर्गत 02 नग बैण्ड स 02 नग ट्रॉली, 02 नग आधुनिक रेन्दा मशीन रखे गये थे। मौके पर काष्ठ के परिवहन हेतु 01 नग पिकअप भी बरामद किया गया। सघन जांच के दौरान भारी मात्रा में सागौन एवं सरई काष्ठ निर्मित सामग्रियां यथा सोफा सेट, डायनिंग टेबल, पलंग आदि जप्त किये गये है तथा ग्राम खैरा के आरा मशीन को सील किया गया।

संयुक्त टीम के द्वारा त्वरित ही दूसरी छापामार कार्यवाही ग्राम घोघरी, परिक्षेत्र सक्ती के श्री केशव प्रसाद पटेल, आरामिल संचालक के परिसर में किया गया। परिसर में भारी मात्रा में विद्यमान विभिन्न प्रजाति यथा नीम, अर्जुन, बबूल, करही, साजा, मुढी, ईमली, सेम्हल आदि लकडी के लठठो की गणना कर आरामिल को सील किया गया। उक्त संयुक्त कार्यवाही में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता प्रभारी श्री संदीप सिंह, परिक्षेत्राधिकारी सक्ती, परिक्षेत्राधिकारी कसडोल, थाना प्रभारी डभरा एवं अन्य अधिकारी- कर्मचारी शामिल थे।



## ज्ञानोदय विद्यालय का 10वीं एवं 12वीं परीक्षाफल उत्कृष्ट

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उमावि जांजगीर के शैक्षणिक सत्र-2023-24 के बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। विगत वर्षों की भाँति ही इस वर्ष भी विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने बोर्ड़ परीक्षा में सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ उत्कृष्ट अंक अर्जित कर अपने माता-पिता सहित विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। कक्षा- दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की होनहार छात्रा जिया सूर्यवंशी सुपुत्री राजकुमार सूर्यवंशी ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल करते हुए 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन्होंने सामाजिक विज्ञान में 99 अंक,गणित में 98 अंक,हिंदी में 96 अंक प्राप्त किया है। भूमिका राठौर 86.5 प्रतिशत, रूपा पात्रे 83.3 प्रतिशत, भावना यादव 83.16 प्रतिशत, तरुण देवांगन 82.8 प्रतिशत, लक्की साहू 81.5 प्रतिशत, जागृति राठौर 79.3 प्रतिशत, आफरिन बानों 79.3 प्रतिशत, भावेश सिंह 76.3 प्रतिशत, सूरज कश्यप 71.5 प्रतिशत । कक्षा - बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रभा हंसराज 79.6 प्रतिशत, सिमरन गुरनानी 78.8 प्रतिशत, दिव्या यादव 75.4 प्रतिशत, हिमानी यादव 75.2 प्रतिशत, नैनी किरण बघेल 70 प्रतिशत, प्रिया रानी 68 प्रतिशत, सुमन बरेठ 66.4 प्रतिशत रहे । विद्यालय के अन्य छात्र- छात्राओं ने भी विद्यालय के अच्छे परीक्षा परिणाम में अपना योगदान दिया है। दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षाफल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ने सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। उन्होने उत्कृष्ट परीक्षाफल का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों,कर्मचारियों सहिंत अविभावकों के निरन्तर समर्पण एवं सहयोग को दिया है।

## कक्षा 10 वीं में जागृति प्रजापति ने 97.17 प्रतिशत के प्रदेश में 10 वां स्थान किया प्राप्त



**जांजगीर-चांपा।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जांजगीर-चांपा के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10 वीं में जागृति प्रजापति ने 97.17 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 10 वां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरन्वित किया। जागृति प्रजापति स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल अकलतरा की छात्र हैं। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के जागृति प्रजापति की इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी सफल छात्र छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि आपकी सफलता दूसरे विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं एवं परीक्षा का परिणाम जो भी आया हो बच्चे उस परिणाम को लेकर किसी भी प्रकार का तनाव न महसूस करें व इसे सहज ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि वे यह देखे कि कहां कमी रह गई है तथा लगन व मेहनत के साथ पुन: प्रयास करें सफलता अवश्य मिलेगी।

# खास प्रदर्शन नहीं कर सके विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में

**जांजगीर- चांपा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं व बारहवीं का परिणाम एक साथ गुरूवार को जारी किया गया। इस बार जांजगीर-चांपा जिले का परिणाम निराशाजनक रहा। दसवीं का परिणाम 61.89 फीसदी रहा, जबकि बारहवीं में 63.28 फीसदी परीक्षार्थी सफल रहे। इस वर्ष भी छात्रों को पीछे छोड़ते हुए छात्राएं आगे रहीं। हालांकि जिले के एक मात्र होनहार छात्रा ने टापटेन में दसवां स्थान बनाया। जबकि बारहवीं में एक भी विद्यार्थी टापटेन में जगह नहीं बना सके। प्रदेश स्तर पर जिले का प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा। दसवीं में 33 जिले में जिले का क्रम 32 वां रहा जबकि बारहवीं में हमारा जिला अंतिम क्रम पर रहा। दसवीं के परिणाम में जिला सिर्फ गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले से ही आगे रहा। गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले में दसवीं में सफलता का प्रतिशत 61.46 है जबकि जांजगीर-चांपा जिला का परिणाम 61.89 प्रतिशत रहा। इस तरह यह परिणाम चिंतनीय है। इस जिले से अलग होकर नया बने जिला सक्ती का परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत यहां से बेहतर है। शासकीय स्कूल के शिक्षक प्रतियोगी परीक्षा और मेरिट क्रम में चयनित हुए हैं। इसके बाद भी निजी स्कूलों की परीक्षा परिणाम बहुत खराब आया है। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित स्कूलों में पढ़ाई की गतिविधियों की समीक्षा करना भी आवश्यक है।

हालांकि शिक्षक इसके लिए प्रशासन को भी जिम्मेदार मानते हैं। आयुष्मान कार्ड बनवाने और आय जाति प्रमाण पत्र में उनकी ड्यूटी लगाए जाने से पढ़ाई प्रभावित होने की बात भी वे कहते हैं लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। कई स्कूल के शिक्षकों में अध्यापन को लेकर गंभीरता नहीं है। कुछ शिक्षक नियमित नौकरी के साथ स्कूल भी संचालित करते हैं इसके अलावा कुछ अन्य व्यवसायों में भी समय देते हैं। इसके कारण भी वे अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी नहीं बरत पाते । कई महिला शिक्षक तो अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए लंबे समय तक बच्चों के देखभाल के लिए अवकाश में हैं। इसके अलावा कई ऐसे शिक्षक भी हैं जो शारीरिक रूप से कार्य करने में पूरी तरह अक्षम हैं। इनमें कुछ लकवा के शिकार हैं तो अन्य बीमारी से ग्रसित हैं। ऐसे शिक्षक महज




उपस्थिति देने के लिए स्कूल जाते हैं और पूरा वेतन भी लेते हैं और पढ़ाई नहीं हो पाती।

**10 वीं में पांच हजार तो 12वीं में 3 हजार विद्यार्थी फेल**

जिले में दसवीं में 10 हजार 108 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि 5 हजार 186 विद्यार्थी फेल हो गए और 8 विद्यार्थियों का परिणाम विभिन्न् कारणों से रोका गया है। इसी तरह बारहवीं में 13 सौ 54 विद्यार्थी विभिन्न् विषयों में पूरक हैं जबकि 3 ह जार 163 विद्यार्थी फेल हो गए। दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं में छात्राओ ने बाजी मारी है। दसवीं में गत वर्ष की तुलना में परिणाम साढ़े 4 प्रतिशत कम रहा वहीं बारहवीं में गत वर्ष की तुलना में 4 फीसदी कम परिणाम आया।

पिछले वर्ष दसवीं बारहवीं में जिले से 5 विद्यार्थी टापर थे। इस बार एक मात्र जागृति प्रजापति ने दसवीं में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले की नाक बचाई है जबकि सक्ती जिले में दो टापर हैं।

**परिणाम का शिक्षक भी करें विश्लेषण**

महंगाई भत्ता, वेतनवृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर स्कूल बंद कर देने की चेतावनी देने वाले शिक्षकों को भी इस परिणाम का विश्लेषण करना चाहिए। सरकार की ओर से समय पर सभी शिक्षकों को पर्याप्त वेतन दिया जा रहा है। इसके बाद भी परिणाम का गिरना चिंताजनक है। हालांकि इस साल विधानसभा चुनाव के कारण भी पढ़ाई प्रभावित हुई है। इसके अलावा शिक्षकों को सत्र के महत्वपूर्ण तीन-चार महीने जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने की जवाबदारी दिए जाने से भी परिणाम पर असर पड़ा है।

**खराब परिणाम के ये हैं कारण**

शिक्षकों के द्वारा ट्यूशन में ध्यान देना ।

लकवा ग्रस्त व बीमार शिक्षकों के द्वारा अध्यापन में असमर्थ होना।

पढ़ाई के अलावा शिक्षकों को आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आदि में लगाना।

शासन के आदेश के बाद भी डीईओ, बीईओ और अन्य कार्यालयों में शिक्षकों का संलग्नीकरण।

शिक्षकों के द्वारा गंभीरता से कर्तव्य का पालन नहीं किया जाना।

**वर्षवार परीक्षा परिणाम**

| वर्ष | कक्षा | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2023 | दसवीं | 66.34 |
| 2024 | दसवीं | 61.89 |
| 2023 | बारहवीं | 67.33 |
| 2024 | बारहवीं | 63.28 |

प्रदेश की तुलना में परिणाम निराशाजनक तो नहीं कहा जा सकता । उत्कृष्ट जांजगीर योजना चलाकर इस बार पढ़ाई पर सत्र के शुरूवात से ही ध्यान दिया जाएगा। कलेक्टर के मार्ग निर्देशन में बेहतर परिणाम के लिए प्रयास किया जाएगा।

अश्वनी कुमार भारद्वाज
डीईओ, जांजगीर-चांपा

## अनमोल वचन......

**जो बाहर की सुनता है वो बिखर जाता है
जो भीतर की सुनता है वो संवर जाता है!**

# मानव मन की जटिलता

*कर्नाटक हाई कोर्ट ने 'जाओ फांसी लगा लो' कहने को आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में रखने से मना कर दिया। अदालत आपत्तिजनक बयानों से जुड़े आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले की जटिलताओं को दूर करने के मुद्दे पर विचार कर रही थी। तटीय कर्नाटक के उडुपी में गिरजाघर में पादरी की मौत के सिलसिले में हत्या के लिए उकसाने के आरोपों से जुड़ी याचिका पर अदालत ने यह कहा। आरोप है कि पादरी और याचिकाकर्ता की पत्नी के दरम्यान दैहिक संबंध थे। दोनों के बीच हुई बहस में उसने पादरी को मरने के लिए कहा। एकल जज की पीठ ने सर्वोच्च अदालत के पूर्व निर्णयों के आधार पर कहा सिर्फ बयानों को उकसाने वाला नहीं माना जा सकता। अदालत ने पिता और पादरी होने के बावजूद मानव मन की जटिलताओं का जिक्र करते हुए मामले को खारिज कर दिया। जिम्मेदार और धार्मिक पद पर होने के बावजूद सामाजिक मूल्यों का अनादर करने वाला शख्स आत्मग्लानि के चलते भी जिंदगी समाप्त कर सकता है। अपने समाज में साल दर साल आत्महत्याओं के मामले बढ़ते जा रहे हैं।*

*नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार सिर्फ एक साल (2022) में प्रति दिन 468 लोगों ने अपनी जान ली। खुद की जान लेने वालों में युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। खासकर सामाजिक-पारिवारिक कारणों से लोग खुदकुशी कर लेते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अपनी जिंदगी से उकता कर, निराश होकर या आवेश में आत्महत्या करने वाले भी मानसिक तौर पर इसके लिए तैयार होते हैं, जिसके संकेत वे लगातार अपने करीबियों, परिवार या मित्रों को देते रहते हैं, जिसकी प्रायः अनदेखी की जाती है।*

*इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मानसिक प्रताड़ना, उलाहनों, उत्पीड़न और दोष मढ़े जाने से आजिज आकर भी लोग अपनी जान ले लेते हैं। मगर इस मामले में केवल कहासुनी के दौरान मरने का ताना देना ही काफी नहीं कहा जा सकता। आत्म-गलानि भरे उपासकों के पाप-स्वीकरण सुनने वालों के प्रति आम जन जो सम्मान का भाव रखता है, उसका दुष्चरित्र होना, सामाजिक तौर पर अस्वीकृत और तिरस्कृत होता है। इसी सब से भयभीत होकर मृतक को यह कदम उठाना पड़ा होगा।*

## राशिफल

**मेष राशिः**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किए गए काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे। आज आपके लिए कोई फैसला करना थोड़ा मुश्किल होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। किसी काम में अनुमान से ज्यादा धन लाभ होगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। साझेदारी में किसी डील को फाइनल करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि बनी रहेगी। आज आपके पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज भावुकता में आकार कोई निर्णय लेने से बचे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनके घर जायेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ी सफलता मिलेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकते है। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था में बढ़ोतरी होगी। आज आप अपने कार्यों में जल्दबाजी करने से बचे आज ऑफिस में सहकर्मी आपसे कुछ सीखना चाहेंगे। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। छात्र आज कोई कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनाएंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में कोई बड़ी डील फाइनल होने से परिवार वालों के साथ घर पर ही पार्टी करेंगे। इस राशि के शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को आज सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**धनु राशिः**आज का दिन आपको समाज में मान-सम्मान दिलाने वाला होगा। लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगो को किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर मिलेगा। लवमेट एक दूसरे पर भरोसा बनाये रखें, रिश्तों में और मजबूती आयेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन मिला जुला रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए नहीं योजना बनायेंगे। पारिवारिक कार्यों को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ बनाया हुआ लॉन्ग ट्रिप का प्लान आज कैंसिल हो सकता है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके कार्यों में आपको आसानी से सफलता मिलती जायेगी। दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है। लवमेट के रिश्तों में चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी, किसी रेस्टोरेंट में खाना खाने जायेंगे। इस राशि के व्यापारियों को आज अच्छा मुनाफा होने वाला है।

**मीन राशिः** आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़े हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज फर्नीचर खरीदने के लिए दिन शुभ है। वैवाहिक जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी।जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचे।

# गर्मी जल्दी आई साथ में प्यास भी गहराई

//पंकज चतुर्वेदी//

**इस बार गर्मी जल्दी आई और साथ में प्यास भी गहराई। केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी 'हर घर जल योजना' ने बढ़ते ताप के सामने दम तोड़ दिया। आखिर, धरती का सीना चीर कर गहराई से पानी उलीचने से हर एक का कंठ तर होने से तो रहा। वैसे हकीकत तो यह है कि अब देश के 32 फीसद हिस्से को पानी की किल्लत के लिए गरमी के मौसम का इंतजार भी नहीं करना पड़ता- बारहों महीने, तीसों दिन जेठ ही रहता है।**

कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्रोतों की मदद से ही खेत और गले, दोनों के लिए अफरात पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप रोपे जाने लगे, जब तक संभलते जब तक भूगर्भ का कोटा साफ हो चुका था।

समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्रोतों की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है-तालाब, कुएं, बावड़ी। लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है, पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी ओर काम में लग गए और अब तालाब सहेजने की तकनीक नदारद हो गई है। तभी बीते तीन दशक में केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं के तहत तालाबों से गाद निकालने, उन्हें सहेजने के नाम पर अफरात पैसा खर्च किया गया और नतीजा रहा वही 'ढाक के तीन पात!'

भारत के हर हिस्से में वैदिक काल से लेकर ब्रितानी हुकूमत के पहले तक सभी कालखंडों में समाज द्वारा अपनी देश-काल-परिस्थिति के मुताबिक बनाई गई जल संरचनाओं और जल पण्रालियों के कई प्रमाण मिलते हैं, जिनमें तालाब हर जगह हैं। रेगिस्तान में तो उन तालाबों को सागर की उपमा दे दी गई तो कन्नड में कैरे और तमिल में ऐरी। यहां तक कि ऋग्वेद में भी सिंचित खेती, कुओं और गहराई से पानी खींचने वाली प्रणालियों का उल्लेख मिलता है।

हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो (ईसा से 3000 से 1500 साल पूर्व) में जलापूर्ति और मल निकासी की बेहतरीन पण्रालियों के अवशेष मिले हैं। ईसा से 321-297 साल पहले, कौटिल्य का अर्थशास्त्र बानगी है जो बताता है कि तालाबों को राज्य की जमीन पर बनाया जाता था। समाज ही तालाब गढ़ने का सामान जुटाता था। जो लोग इस काम में असहयोग करते या तालाब की पाल को नुकसान पहुंचाते उन्हें राज्य-दंड मिलता। आधुनिक तंत्र की कोई भी जल संरचना 50-60 साल में दम तोड़ रही है जबकि चंदेलकाल अर्थात 1200 साल से अधिक पुराने तालाब आज भी लोगों को जिंदगी का भरोसा दिए हुए हैं।

अंग्रेज शासक चकित थे, यहां के तालाबों की उत्तम व्यवस्था देख कर। उन दिनों कुओं के अलावा तालाब ही पेयजल और सिंचाई के साधन हुआ करते थे। फिर आधुनिकता की आंधी में सरकार और समाज, दोनों ने तालाबों को लगभग बिसरा दिया, जब आंख खुली तब बहुत देर हो चुकी थी। एक सदी पहले तक बुंदेलखंड के इन तालाबों की देखभाल का काम पारंपरिक रूप से ढीमर समाज के लोग करते थे। वे तालाब को साफ रखते, उसकी नहर, बांध, जल आवक को सहेजते-ऐवज में तालाब की मछली, सिंघाड़े और समाज से मिलने वाली दक्षिणा पर उनका हक होता। इसी तरह प्रत्येक इलाके में तालाबों को सहेजने का जिम्मा समाज के एक वर्ग ने उठा रखा था और उसकी रोजी-रोटी की व्यवस्था वही समाज करता था, जो तालाब के जल का इस्तेमाल करता था।

लेकिन आज गांव या शहर के रुतबेदार लोग जमीन पर कब्जा करने के लिए बाकायदा तालाबों को सुखाते हैं, पहले इनके बांध फोड़े जाते हैं, फिर इनमें पानी की आवक के रास्तों को रोका जाता है-न भरेगा पानी, न रह जाएगा तालाब। गांवों में तालाब से खाली हुई उपजाऊ जमीन लालच का कारण होती है तो शहरों में कालोनियां बनाने वाले भूमाफिया इसे सस्ता सौदा मानते हैं। राजस्थान में उदयपुर से ले कर जैसलमेर तक, हैदराबाद में हुसैनसागर, हरियाणा में दिल्ली से सटी सुल्तानपुर लेक या फिर उप्र के चरखारी और झांसी हों या फिर तमिलनाडु की पुलिकट झील; सभी जगह एक ही कहानी है। हां, पात्र अलग-अलग हो सकते हैं।

सभी जगह पारंपरिक जल-प्रबंधन के नष्ट होने का खमियाजा भुगतने और अपने किए या फिर अपनी निष्क्रियता पर पछतावा करने वाले लोग एक समान ही हैं। समाज और सरकार पारंपरिक जल-स्रोतों कुओं, बावड़ियों और तालाबों में गाद होने की बात करते हैं, जबकि हकीकत में गाद तो उन्हीं के माथे पर है। सदा नीरा रहने वाली बावड़ी-कुओं को बोरवेल और कचरे ने पाट दिया तो तालाबों को कंक्रीट का जंगल निगल गया। एक तरफ प्यास से बेहाल होकर अपने घर-गांव छोड़ते लोगों की हकीकत है, तो दूसरी ओर पानी का अकूत भंडार! यदि जल संकटग्रस्त इलाकों के सभी तालाबों को मौजूदा हालात में भी बचा लिया जाए तो वहां के हर इंच खेत को तर सिंचाई, हर कंठ को पानी और हजारों हाथों को रोजगार मिल सकता है।

# भारत के पास तिब्बत के रूप में है ऐसा ब्रह्मास्त्र, चीन की सारी चालबाजियों को पल भर में कर देगा परास्त

//अशोक मधुप//

**फिलीपींस में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पहुंच गई है और वहां की सैना उसकी तैनाती करेगी। फिलीपींस में अमेरिका ने अपनी नई टायफून मिसाइल प्रणाली तैनात कर रखी है। फिलीपींस में अमेरिका को चार बेस का एक्सेस मिला हुआ है। चीन आजकल परेशान है। बताया जा रहा है कि वह भारत के रवैये से डरा हुआ है। दुश्मन का डरा होना और परेशान रहना ज्यादा बेहतर है। इससे वह अपनी समस्या सुलझाने में लगेगा। अपने दुश्मन देशों को तंग नहीं करेगा। उन पर दबाव-धौंस नहीं दिखाएगा। कभी चीन का व्यवहार हमें परेशानी कर रहा है। वह सीमापर घुसपैंठ करता। क्षेत्र के अंदर आए भारत के भाग में जमता और सौदेबाजी करता। किंतु अब ये बदलता भारत है।**



अमेरिका ने अपनी नई टायफून मिसाइल प्रणाली तैनात कर रखी है। फिलीपींस में अमेरिका को चार बेस का एक्सेस मिला हुआ है। चीन के करीब जापान पर भी अमेरिका का बेस है। ऑस्ट्रेलिया-सिंगापुर में अमेरिका ने अपना बेस बना रखा है। थाईलैंड और साउथ कोरिया में अमेरिकी सेनाएं तैनात हैं। चीन के करीब गुआम में भी अमेरिका का बेस है। इन जगहों से वक्त पड़ने पर कभी भी अमेरिका चीन पर हमला कर सकता है। चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई हैं। चीनी सेना के प्रवक्ता ने फिलीपीन्स को ब्रह्मोस देने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग में इस बात का ख्याल रखा जाए कि इससे किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा कि 'चीन हमेशा मानता है कि दो देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरा नहीं होना चाहिए। कर्नल वू कियान ने कहा कि एशिया-प्रशांत में अमेरिका की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती का हम कड़ा विरोध करते हैं। अमेरिका का यह कदम क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डालते हुए क्षेत्रीय शांति को खतरा पैदा करता है। आज चीन को याद आ रहा है कि दो देशों के रक्षा सहयोग से तीसरे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए, किंतु जब वह खुद ऐसा करता है, तब उसे कुछ याद नहीं आता। लंबे समय से वह पाकिस्तान को आधुनिकतम युद्धक शस्त्र देने में लगा हुआ है। वह नहीं जानता कि पाकिस्तान इन शस्त्रों का प्रयोग किस देश के विरूद्ध करेगा। वह अच्छी तरह से जानता और समझता है। किंतु अपने हित में उसे कुछ याद नहीं आता। अब उसके दुश्मन देश भारत, अमेरिका और फ्रांस आदि ऐसा ही कर रहे हैं तो उसे याद आ रहा है तीसरे राष्ट को नुकसान न पहुंचे। भारत फिलीपीन्स को ही ब्रह्मोस मिसाइल नहीं दे रहा। वियतनाम भी इस मिसाइल को खरीदने में रूचि दिखा रहा है। यह तो है कि वियतनाम भी खरीदता है तो भारत उसे ब्रह्मोस देगा। प्रथम वरीयता पर देगा। भारत अपना आधुनिकतम युद्धपोत खुखरी वियतनाम को पहले ही उपहार में दे चुका है। ये आधुनिक युद्धास्त्रों से सज्जित युद्धपोत है। भारत की ये कार्रवाई दक्षिण चीन सागर में चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये को लेकर चिंताओं के बीच यह भारत और वियतनाम में बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है। अधिकारियों ने कहा भी कि भारत ने पहली बार किसी मित्रवत देश को कोई सेवारत पोत उपहार में दिया है। भारतीय नौसेना ने कहा कि पोत पूरी ''हथियार प्रणाली'' के साथ वियतनाम पीपुल्स नेवी (वीपीएन) को सौंपा गया है। आईएनएस कृपाण, 1991 में सेवा में शामिल किए के बाद से भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का एक अभिन्न अंग रहा और पिछले 32 वर्षों में कई ऑपरेशन में भाग लिया। लगभग 12 अधिकारियों और 100 नाविकों द्वारा संचालित, जहाज 90 मीटर लंबा और 10.45 मीटर चौड़ा है। भारत जैसे का तैसा की नीति पर चल चुका है। अब वह कमजोर भी नही है। दुश्मन से आंख में आंख डालकर बात कर रहा है। ऐसे में अब चीन में घाव पर पूरी ताकत से हथौड़ा मारने का समय आ गया। चीन की बड़ी कमजारी है तिब्बत। तिब्बत पर उसने कब्जा किया हुआ है। तिब्बत की अस्थाई सरकार के धर्मशाला नगर में चल रही है। भारत के रूख के कारण तिब्बती अभी तक शांतिपूवर्क आदोलन कर रहे हैं। भारत ने तिब्बत की आजादी की लड़ाई का कभी समर्थन नहीं किया। अब समय आ गया है कि भारत इस आंदोलन का समर्थन करें। तिब्बत सरकार को मान्यता दें। तिब्बती आंदोलनकारी को शस्त्र और युद्ध प्रशिक्षण दे। जब तक दुश्मन को उसके घर में ही नही घेरा जाएगा, तक तक वह नही मानने वाला। घर में घिर कर वह अपने में उलझ जाएगा और दूसरों को तंग करना बंद कर देगा। चीन सरकार वहां बसे उइगुर मुसलमानों पर बेइतहां जुल्म करने में लगी है। मुस्लिम देश चुप हैं। भारत अपने परिचित मुस्लिम देश और संगठनों से उइगुर मुसलमान की आजादी और कल्याण के लिए आवाज बुलंद कराएं।

बकौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मार रहा है। परिणाम है कि आज चीन की आंखों में आंखे डालकर बात की जा रही है। सूचनाएं हैं कि चीन भारत की ब्रह्मोस से डरा हुआ है जब से भारत का शक्तिशाली ब्रह्मोस मिसाइल चीन के करीब तैनात की हैं और चीन के दुश्मन फिलीपींस को दी हैं, तबसे चीन दहशत में हैं। चीन ब्रह्मोस का काट नहीं निकाल पा रहा है। वह जानता है कि उसके सारे हथियार भी एक बार फायर की गई ब्रहमोस को नहीं रोक सकते। ब्रह्मोस की काट निकालने के लिए चीन फिलीपींस को डराने के की कोशिश में जुटा है। चीन ने फिलीपींस के बेहद करीब अपने ड्रोन को भेजा है ताकि फिलीपींस डर जाए। लेकिन चीन का ये कदम बताता है कि असली डर फिलीपींस को नहीं बल्कि चीन को है क्योंकि अब साउथ चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई हैं। भारत पहले ही चीन के शत्रु देश वियतनाम की पीपुल्स नेवी को अपना आधुनिक युद्धपोत आईएनएस कृपाण का हस्तांतरण कर चुका है। इस युद्ध पोत पर आधुनिक मिसाइल तैनात हैं। दरअसल अब तक चीन भारत को घेरने में लगा था। वह भारत के दुश्मन देशों को आधुनिक अस्त्र-शस्त्र की आपूर्ति करने में लगा था। अब ऐसा उसके साथ हो रहा है तो वह परेशान है। चीन भारत में अशांति फैलाने वाले नक्सलाइड, मिजों एव अन्य आंतकियों को आधुनिक शस्त्रों की आपूर्ति करता रहा है। सूचनाएं रही हैं कि उन्हे प्रशिक्षण भी दे रहा है। ऐसे में समय की मांग है कि भारत अब चीन के विरूद्ध चल रहे तिब्बत के पूर्ण स्वतंत्रता के आंदोलन का खुलकर समर्थन करें। जरूरत पड़ने पर तिब्बती के आजादी के आंदोलन के लड़ाकों को शस्त्र के साथ प्रशिक्षण भी दे।


भारत की नहीं चीन के रवैये से दुनिया के लगभग सभी देश परेशान हैं।इसी कारण फिलीपींस और अमेरिकी सेना का साझा युद्धाभ्यास हाल में शुरू हुआ। इस मिलिट्री ड्रील में जापान की सेनाएं भी शामिल हो रही हैं। 16000 हजार सैनिक साझा युद्धभ्यास में शामिल हैं। सबसे बड़ी बात कि फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के सैनिक भी कुछ दिन में इस ज्वाइंट एक्सरसाइज से रहेंगे। मतलब पांच देश चीन को घेरने के लिए एक साथ होंगे। इस ड्रील में समुद्री और हवाई हमलों का अभ्यास किया जाएगा। भारत के ब्रह्मोस देने के बाद से चीन परेशान है। अभी तो ब्रह्मोस तैनात भी नही हुई होंगी कि चीन परेशान है। वह फिलीपींस पर द्रोण उड़ाकर उसे धमका रहा है। सवाल है कि क्या ड्रोन के जरिए चीन ब्रह्मोस के बारे में जानकारी जुटाना चाहता है। सवाल तो ये भी है कि क्या चीन उस ठिकाने का पता लगाना चाहता है, जहां फिलीपींस ब्रह्मोस को तैनात करेगी। चीन ने ड्रोन के अलावा समंदर में मिलिट्री ड्रील के जरिए भी फिलीपींस को आंख दिखाने की कोशिश की है। चीन की नौसेना ने साउथ चाइना सी में लड़ाकू विमानों और युद्धपोत से मिसाइलें दागकर फिलीपींस को डराने की कोशिश की।

दो दिन के अंदर चीन के ये ये कदम बताते हैं कि चीन ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से भयभीत है। चीन के टेंशन इस बात की है कि अब भारत चीन सीमा के साथ चीन-फिलीपींस सीमा पर भी ब्रह्मोस तैनात होगा। अब तो चीन के एक और दुश्मन और पड़ोसी वियतनाम ने भी ब्रह्मोस में दिलचस्पी दिखाई है, जो चीन के लिए खतरे की घंटी है। फिलीपींस में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पहुंच गई है और वहां की सैना उसकी तैनाती करेगी। फिलीपींस में

## तस्वीरों की दुनिया




रुद्रप्रयाग जिले में चार धाम यात्रा की शुरुआत के प्रतीक के रूप में, केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने के बाद भक्त वहां पूजा-अर्चना करने पहुंचे।



उत्तरकाशी जिले में चार धाम यात्रा की शुरुआत के प्रतीक, गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद श्रद्धालु वहां पूजा-अर्चना करने पहुंचे।



महाराष्ट्र के नंदुरबार में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक स्मृति चिन्ह प्रस्तुत किया गया। साथ में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी नजर आए।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुद्रप्रयाग जिले में चार धाम यात्रा की शुरुआत के प्रतीक के रूप में भक्तों के लिए केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने के बाद वहां पहुंचे।



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



यूपी कांग्रेस अध्यक्ष और वाराणसी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय वाराणसी में अपनी नामांकन दाखिल रैली के दौरान।



भोपाल में भगवान परशुराम जयंती उत्सव के दौरान मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।

# चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत का आदेश भविष्य के लिए बनेगा नजीर, रिटायर्ड जज ने समझाई फैसले की एक-एक बात

**नईदिल्ली, 11 मई [एजेंसी]।**



लोकसभा चुनाव में प्रचार के आधार पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत का आदेश दूरगामी प्रभाव वाला है और भविष्य के लिए नजीर बनेगा। कानून विशेषज्ञों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का हर आदेश नजीर होता है और यह आदेश भी होगा। कोई भी व्यक्ति इस आदेश का हवाला देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांग सकता है।वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया कहते हैं कि वैसे तो सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के आधार पर अंतरिम जमानत दी है, लेकिन इस आदेश के बाद कोई भी किसी भी चुनाव में इस आदेश का हवाला देकर प्रचार के लिए जमानत मांग सकता है। इस फैसले को नजीर के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। जेल में बंद कोई भी व्यक्ति जो किसी पार्टी का मुखिया है या पदाधिकारी है अथवा वह खुद चुनाव लड़ रहा है, इस आदेश का हवाला देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के नजीर होने पर दिल्ली हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसएन धींगरा कहते हैं कि यह आदेश एक गलत मिसाल कायम करेगा। इससे तो अपराधियों के लिए अंतरिम जमानत मांगने का एक रास्ता खुलता है। जस्टिस धींगरा कहते हैं कि वैसे तो फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस केस की फसल बोवाई और व्यापार की देखरेख के मामले से तुलना नहीं हो सकती, लेकिन क्यों नहीं हो सकती। कोई यह क्यों नहीं कह सकता कि अगर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिल सकती है तो मेरा आधार ज्यादा गंभीर है।वैसे अंतरिम जमानत के आधार के मुद्दे पर हंसारिया का कहना है कि अंतरिम जमानत हमेशा उस केस की विशिष्ट परिस्थितियों और तथ्यों को देखकर दी जाती है और केजरीवाल के मामले में भी कोर्ट ने ऐसा कहा है। जस्टिस धींगरा पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय के मामले का उदाहरण देते हैं।वह बताते हैं कि जब वह जिला अदालत में विशेष न्यायाधीश थे तो टाडा कानून में आरोपित कल्पनाथ राय का मुकदमा उनकी अदालत में चल रहा था।

कल्पनाथ राय उस समय सांसद थे और उन्होंने सांसद होने के आधार पर संसद की कार्यवाही में भाग लेने के लिए कोर्ट से अंतरिम जमानत मांगी थी।जस्टिस धींगरा कहते हैं कि उन्होंने राय की अंतरिम जमानत अर्जी इसी आधार पर खारिज कर दी थी कि अगर उनका सांसद होने के नाते अंतरिम जमानत का अधिकार बनता है तो एक आम आदमी को अधिकार क्यों नहीं है, जिसका कामकाज प्रभावित हो रहा है। अर्जी इसी आधार पर खारिज की थी कि उन्हें कोई विशेष अधिकार नहीं दिया जा सकता और उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने भी सही ठहराया था। ईडी ने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने का यही कहते हुए कोर्ट में विरोध किया था कि इससे एक गलत मिसाल कायम होगी। आम आदमी और राजनेता के दो अलग वर्ग बन जाएंगे।देश में हमेशा कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं और संघीय व्यवस्था में किसी भी चुनाव को छोटा या बड़ा नहीं कहा जा सकता, ऐसे में अपराध करने वाले अनैतिक राजनेता चुनाव की आड़ में जांच को नजरअंदाज करेंगे और यदि वे गिरफ्तार किए जाते हैं तो प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगेगे। अभी ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जिसमें इस आधार पर अंतरिम जमानत दी गई हो।

# 'ये दोनों नेता सिर्फ', यूपी पहुंचे तेजस्वी सूर्या ने राहुल-अखिलेश पर एक साथ कसा तंज



**लखनऊ, 11 मई [एजेंसी]।**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को राहुल गांधी व अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि ये दोनों नेता सिर्फ खानदानी सीट बचाने को चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल हार के डर के कारण अमेठी छोड़कर खानदानी सीट रायबरेली से चुनाव लड़ने पहुंचे हैं। वहीं, सपा सिर्फ पति और पत्नी को चुनाव लड़ाने में जुटी है। तेजस्वी ने कहा कि अखिलेश कन्नौज से और डिंपल यादव मैनपुरी से चुनाव लड़ रही हैं। ये पति-पत्नी दिल्ली पहुंचने वाले नहीं हैं। इन्हें जनता लखनऊ में ही बैठा देगी। अमेठी, रायबरेली, कन्नौज व मैनपुरी सहित सभी सीटें विपक्ष हारेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव मैदान छोड़ने की शुरुआत की। अब कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा के बेरोजगारी बढ़ने के आरोप भी दूसरे आरोपों की तरह वास्तविकता से बहुत दूर है। बेरोजगारी दर बीते सात वर्षों में शहरी क्षेत्रों में छह प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में पांच से घटकर दो प्रतिशत रह गई है।

मोदी सरकार में बेरोजगारी घटी है। इससे पहले तेजस्वी सूर्या ने प्रयागराज और अमेठी में भाजपा प्रत्याशियों को वोट करने की अपील की। प्रयागराज के मेजा में उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि यह पार्टी रंगभेद के आधार पर देश को बांट रही है। सपा सरकार में लोक सेवा आयोग सिर्फ एक वर्ग का आयोग बन के रह गया था। उस समय यूपीपीएससी के पेपर लीक होते थे तो अपराधी खुले आम घूमते थे। अमेठी में उन्होंने कहा कि देश में दो ही परिवार हैं। एक भ्रष्टाचारी, लुटेरों, परिवारवादी तथा दूसरा मोदी का परिवार जो आप सब हैं। अमेठी में कांग्रेस व गांधी परिवार ने 70 साल तक राज किया, लेकिन विकास के नाम पर अमेठी में गरीबी है।

# अभी निवेशकों के लिए शुभ रहेगा सोना, इन कारणों से गोल्ड में आगे भी जारी रहेगी तेजी

**नईदिल्ली, 11 मई [एजेंसी]।**



अक्षय तृतीया पर सोने की खरीदारी शुभ होती है, लेकिन अभी हर रोज सोने की खरीदारी निवेशकों के लिए शुभ साबित हो सकती है। क्योंकि अक्षय तृतीया से एक दिन पहले जिन्होंने सोने की खरीदारी की थी, उन्हें 1500 रुपए प्रति 10 ग्राम का फायदा मिल गया। शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर दिल्ली के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव प्रति 10 ग्राम 75,150 रुपए रहा जबकि गत गुरुवार को सोने का भाव 73,680 रुपए प्रति 10 ग्राम था।पिछले साल अक्षय तृतीया को जिन्होंने सोने की खरीदारी की थी, वे 20 प्रतिशत का मुनाफा कमा चुके हैं। पिछले साल 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया का शुभ मुहूर्त था और इस दिन दिल्ली के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव 62,000 रुपए प्रति 10 ग्राम था। पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मुख्य अर्थशास्त्री एस.पी. शर्मा कहते हैं कि अभी सोने में बढ़ोतरी का रुख जारी रहेगा। क्योंकि अमेरिका का रिजर्व बैंक ब्याज दर कम करने वाला है जिससे डॉलर कमजोर होगा और सोने के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

वहीं, सोना विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा होता है और वैश्विक भू-राजनीतिक स्थितियों से पिछले कुछ सालों से करेंसी में उतार-चढ़ाव हो रहा है। ऐसे में अपनी करेंसी के मूल्य को बचाने के लिए विभिन्न देशों के सेंट्रल बैंक सोने की खरीदारी कर रहे हैं। एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में दुनिया के प्रमुख देशों के सेंट्रल बैंकों ने 1037 टन सोने की खरीदारी की है और यह रुख जारी है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक इस साल जनवरी-मार्च में दुनिया के सेंट्रल बैंकों ने 290 टन सोने की खरीदारी की। दूसरी महत्वपूर्ण बात है कि गोल्ड बॉन्ड इटीएफ (एक्सचेंड ट्रेडेड फंड) के माध्यम से सोने की डिजिटल खरीदारी लगातार बढ़ रही है। टैक्स एक्सपर्ट विवेक जालान कहते हैं कि कमोबेश मध्यम वर्ग के पोर्टफोलियो में 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी सोने की होती है और यह बढ़ रही है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के रिजनल सीईओ सचिन जैन के मुताबिक अक्षय तृतीया जैसे शुभ मौके पर भारतीय अब ज्वैलरी, सोने के सिक्के, बार (छड़) के साथ गोल्ड ईटीएफ में भी निवेश कर रहे हैं और सोना अब निवेश से जुड़ा संपदा बनता जा रहा है।इस साल फरवरी में भारत में गोल्ड ईटीएफ में 9.3 करोड़ डालर का निवेश किया गया जो पिछले छह माह में सबसे अधिक है। चीन में भी सोने की मांग लगातार बढ़ रही है।

## दो ब्वॉयफ्रेंड के साथ होटल में पकड़ी गई महिला डॉक्टर पति ने आपत्तिजनक हालत में देखा तो रह गई दंग



**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले से हैरानी जनक मामला सामने आया है। यहां एक महिला डॉक्टर अपने दो पुरुष मित्रों के साथ होटल में पकड़ी गई है। बताया जा रहा है कि महिला डॉक्टर को उसके ही पति ने पुरुष मित्रों के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा है। पति और उसके परिजनों ने दोनों युवकों की पिटाई कर उन्हें पुलिस के हवाले सौंप दिया है। पटियाली कस्बे में बुधवार की देर रात अपने दो युवक मित्रों के साथ होटल में मौजूद महिला डॉक्टर को उसके पति ने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। पति और अन्य परिजनों ने दोनों युवकों की जमकर पिटाई की और पत्नी सहित दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की और शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि महिला डॉक्टर और उनके पति के बीच दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा है। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया कि दोनों युवकों को शांति भंग के आरोप में जेल भेज दिया है।

# लद्दाख के मुद्दों पर 66 दिन से जारी हड़ताल खत्म, सोनम वांगचुक बोले- लोकसभा चुनाव में नहीं चाहते कोई दिक्कत



**जम्मू, 11 मई [एजेंसी]।**

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य दर्जे व संवैधानिक सुरक्षा की मांग को लेकर लेह एपेक्स बाडी के समर्थन से 66 दिन से जारी भूख हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने लेह में चल रही इस हड़ताल को लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए फिलहाल समाप्त करने की घोषणा कर दी।

सोनम वांगचुक ने कहा कि लोकसभा चुनाव के 10 दिन रह गए हैं। हम नहीं चाहते हैं कि चुनाव में किसी तरह की कोई दिक्कत आए। इसलिए हम हड़ताल को फिलहाल समाप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मतदान व मतगणना होने के बाद हमें जनहित के मुद्दों को लेकर फिर से हड़ताल करने की जरूरत न पड़े। अगर फिर ऐसे हालात बनते हैं तो हम अपनी हड़ताल को फिर से शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी हड़ताल लद्दाख की संस्कृति, पर्यावरण, लोगों की पहचान बचाने के लिए थी। इस वर्ष मार्च में वांगचुक भी 21 दिन की भूख हड़ताल पर बैठे थे। उनकी भूख हड़ताल 26 मार्च को समाप्त हुई थी। इसके बाद से उनके समर्थन में लेह में युवा, महिलाओं, बौद्ध भिक्षुओं व बुजुर्गों ने एक के बाद एक दिन की भूख हड़ताल की थी।

## दिल्ली-NCR में आंधी-तूफान के बाद बारिश सड़कों पर लगा लंबा जाम, उड़ानें भी प्रभावित

**नईदिल्ली, 11 मई [एजेंसी]।**

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार देर रात अचानक मौसम बदल गया। इस दौरान धूल भरी आंधी और तूफान के बाद बारिश हुई, जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम बिगड़ने के कारण डीएनडी पर लंबा जाम लग गया। वहीं, नोएडा के कई इलाकों में इसके कारण बिजली चली गई। वहीं, मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए मौसम का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अपने अपडेट में कहा कि पूरे दिल्ली और एनसीआर में धूल भरी आंधी/तूफान के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान 50-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

# झारखंड कैश कांड में ईडी के हाथ लगा रुपये ढोने वाला सबूत, आलमगीर के PS व नौकर से पूछताछ जारी



**रांची, 11 मई [एजेंसी]।**

टेंडर कमीशन घोटाला में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी की रिमांड पर मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल व संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम से लगातार पूछताछ चल रही है। आठ मई से रिमांड पर जारी पूछताछ के दौरान ईडी को जानकारी मिली कि जहांगीर अपनी स्कूटी से बैग व थैले में रुपये लेकर अपने हरमू रोड के सर सैय्यद अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में ले जाता था। यह जहांगीर की वही फ्लैट है, जहां ईडी ने छापेमारी कर 32 करोड़ 20 लाख रुपये नकदी बरामद किया था। ईडी ने पूछताछ में मिली जानकारी के बाद अपराध में इस्तेमाल होने वाली स्कूटी को जब्त कर लिया है।

ईडी संजीव लाल व उनके नौकर जहांगीर की रिमांड अवधि के दौरान ही ठेकेदार मुन्ना सिंह व राजीव सिंह से पूछताछ की तैयारी में है। ईडी को सिंह मोड़ हटिया निवासी राजीव सिंह के ठिकाने से छापेमारी में दो करोड़ 14 लाख रुपये मिले थे।ईडी की छानबीन में यह खुलासा हो चुका है कि राजीव सिंह संजीव लाल तक दस करोड़ रुपये पहुंचा चुका था। ईडी अब राजीव सिंह से उनके काम व उन सभी रुपयों के स्रोत की जानकारी लेगी, जो बरामद हुए थे और संजीव लाल तक पहुंचाए गए थे।राजीव सिंह से पूछताछ में ईडी यह जानेगी कि उनकी संजीव लाल से कैसे मुलाकात हुई और किस कार्य के एवज में उन्होंने राशि दी।टेंडर कमीशन घोटाले में कुछ वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों व नेताओं की गर्दन फंसने जा रही है।

## अगर नवीन पटनायक सीएम नहीं बने तो..., VK पांडियन ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को दी चुनौती

**भुवनेश्वर।** नौकरशाह से बीजद नेता बने वीके पांडियन ने शुक्रवार को झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर में एक रैली को संबोधित किया। पांडियन संबोधन देते हुए कहा कि अगर बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक विधानसभा चुनाव के बाद लगातार छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री नहीं बने तो वह राजनीति छोड़ देंगे।ये बयान पांडियन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनौती देते हुए दिया। पांडियन ने ये भी दावा किया कि भाजपा उन्हें पटनायक का गुमस्थ (क्लर्क) या चमचा (आज्ञाकारी सेवक) कहती है।

पांडियन ने कहा कि बीजेपी ओडिशा में बीजेपी की लहर है और बदलाव की लहर का दावा करती है, लेकिन मैं कहता हूं कि अगर मुख्यमंत्री दोबारा सीएम नहीं बने तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।उन्होंने कहा कि आप केंद्रीय मंत्री हैं और यदि आप में साहस है, तो घोषणा करें कि यदि भाजपा ओडिशा में सत्ता में नहीं आई तो आप भी राजनीति छोड़ देंगे।

# भारत ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनाने का किया समर्थन अरब देशों ने आमसभा में रखा था प्रस्ताव, 143 देशों का मिला साथ

**नईदिल्ली, 11 मई [एजेंसी]।**



संयुक्त राष्ट्र आमसभा में शुक्रवार को भारत ने फलस्तीन को वैश्विक संस्था का पूर्ण सदस्य बनाए जाने के प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया। अरब देशों के समूह द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता पाने के योग्य है, इसलिए उसे सदस्य बनाए जाने के लिए आमसभा एक बार फिर से संस्तुति करती है। आमसभा के पारित प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद को अंतिम निर्णय लेना है। सुरक्षा परिषद पूर्व में फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनाने का प्रस्ताव अस्वीकार कर चुकी है। फलस्तीन प्राधिकार के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने प्रस्ताव पारित होने पर खुशी जताते हुए सुरक्षा परिषद से फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनाए जाने का अनुरोध किया है। 193 सदस्य देशों वाली संयुक्त राष्ट्र आमसभा के कुल 143 सदस्यों ने प्रस्ताव के समर्थन में वोट डाला जबकि नौ सदस्यों ने प्रस्ताव के विरोध में मतदान किया। 25 सदस्य ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।भारी बहुमत से प्रस्ताव के पारित होने पर महासभा का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से देर तक गूंजता रहा। पारित प्रस्ताव में फलस्तीन को सदस्य बनाए जाने पर सुरक्षा परिषद से सकारात्मक रुख से पुनः विचार करने के लिए कहा गया है। भारत विश्व में पहला ऐसा देश है जिसने अरब देशों के अतिरिक्त फलस्तीन मुक्ति संगठन को मान्यता दी थी। यह संगठन 1974 तक फलस्तीनियों का आधिकारिक प्रतिनिधि संगठन था। भारत ने 1988 में फलस्तीन को देश के रूप में मान्यता दी थी।

## मतदान प्रतिशत के मुद्दे पर आयोग से मिले विपक्षी गठबंधन के नेता, खरगे ने आंकड़ों पर उठाए थे सवाल



**नईदिल्ली, 11 मई [एजेंसी]।**

मतदान प्रतिशत आंकड़ों को लेकर विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं के बीच विपक्षी गठबंधन आईएनडीआई के नेताओं ने शुक्रवार को चुनाव आयोग के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। यह बैठक चुनाव आयोग द्वारा पहले दो चरणों के मतदान प्रतिशत आंकड़ों को जारी करने एवं मौजूदा लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर हुई। गत मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आयोग द्वारा जारी मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में विसंगतियों को लेकर विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को पत्र लिखा था। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को खरगे के विपक्षी गठबंधन के नेताओं को लिखे पत्र का जवाब दिया और एक्स पोस्ट भी किया।

आयोग ने पहले दो चरण का मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को जारी करने में देर लगाने के आरोपों को खारिज किया। आयोग ने सख्त लहजे में कहा कि राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष का बयान चुनावी कदम और उसकी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर हमला है और यह मतदाताओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का बचाव करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने पूरी तरह से वैध मुद्दे उठाए थे। हालांकि, इन मुद्दों को निस्तारित करने के लिए चुनाव आयोग का दृष्टिकोण खेदजनक है।

# मोहम्मद उमर ने अपहरण के बाद किया था नेपाली बच्ची से दुष्कर्म, AIIMS रिपोर्ट में सामने आई बात

**दक्षिणी दिल्ली, 11 मई [एजेंसी]।**

कोटला मुबारकपुर थानाक्षेत्र से अपहरण की गई नेपाली मूल की आठ साल की बच्ची के साथ आरोपित मोहम्मद उमर उर्फ अर्जुन ने दुष्कर्म भी किया था। एम्स में हुई बच्ची की मेडिकल जांच में यौन उत्पीड़त की बात सामने आई है। आरोपित ने उसके शरीर पर कई जगह दांत से काटा भी था। आरोपित ने धर्म बदलकर हिंदू से मुस्लिम बना था। पुलिस ने मामले में दर्ज एफआइआर में पाक्सो एक्ट शामिल किया है।छह मई को कोटला मुबारकपुर थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसकी आठ साल की बच्ची का अपहरण कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपित अर्जुन उर्फ मोहम्मद उमर को महरौली स्थित अंधेरिया मोड में उसके घर से गिरफ्तार किया था।उसके पास से किशोरी को गिरफ्तार कर उससे बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया था। पुलिस ने एम्स में बच्ची की मेडिकल जांच कराई। इसमें सामने आया कि आरोपित ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसके शरीर पर कई जगह दांतों से काटा भी है। फिलहाल बच्ची की हालत सामान्य है। पुलिस ने एफआइआर में पाक्सो एक्ट शामिल किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मोहम्मद उमर ने बच्ची की नोज पिन बेचकर उसके लिए नए कपड़े खरीदे थे। इसी दौरान आरोपित ने मासूम का यौन उत्पीड़न किया। बच्ची के बदले हुए कपड़े देखकर ही पुलिस को भी आरोपित पर शक हुआ था। तभी बच्ची की मेडिकल जांच कराई गई।पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपित मोहम्मद उमर पहले हिंदू था।



वह वर्ष 2019 में धर्म बदलकर अर्जुन से मोहम्मद उमर बन गया था। वह कांच के छोटे-छोटे खिलौने बनाता है। वह मूलरूप से गुजरात के अहमदाबाद स्थित कुबेर नगर का रहने वाला है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बच्ची के माता पिता फास्ट फूड की रेहड़ी लगाकर परिवार का गुजारा करते हैं। वह मूलरूप से नेपाल के रहने वाले हैं। इनके बच्चे नेपाल में ही रहते हैं। उन्होंने बताया कि करीब 10 दिन पहले बच्ची नेपाल से अपने माता पिता के पास आई थी।

# इंसान, जानवर और कीटाणु



कोविड जैसी नामी बीमारी की उत्पत्ति का दोष चीन के किसी क्षेत्र में उड़ते चमगादड़ को दिया गया था। एड्स का वायरस चिम्पैंजी के नाम कर दिया जाता है।

बर्ड फ्लू का कारण मुर्गों को बताया जाता है। इसमें मुर्गियां भी शामिल मानी जा सकती होंगी। जानवरों को दोष देने में चतुर इन्सान की, दूसरों को दोष देने की स्वार्थी प्रवृति बहुत काम करती है। किसी भी नए किस्म के वायरस का दोषी इंसान को मानने के लिए कोई इंसान तैयार नहीं। हालांकि इंसानी वायरस ज्यादा खतरनाक होते हैं। लोकतंत्र की एक भी बीमारी का दोष नेताओं को नहीं दिया जाता। अगर कभी कोई अध्ययन हुआ होगा तो दोष घुमा फिराकर विपक्ष या जनता को ही दिया जाएगा ।

बारह नहीं तो चौबीस साल में कभी तो घूरे के भी दिन फिरते हैं। कहीं न कहीं, कभी सचाई भी अपना कब्ज़ा करना शुरू कर ही लेती है। पिछले दिनों मेहनत, पारदर्शिता और ईमानदारी से किया गया एक अध्ययन बताता है कि इंसानों ने जानवरों को ज़्यादा वायरस दिए हैं जिससे जानवर संक्रमित भी हुए हैं। इतना ही नहीं यह भी पता चला कि इंसान जानवरों से जितने वायरस लेता है उससे दोगुना उन्हें देता है। गलत चीज़ें देने में उस्ताद है इंसान। इस अध्ययन से तो यही लगता है कि इंसान, जानवरों से ज़्यादा वायरस रखता है। उसके विचार, उसकी हरकतें ज्यादा कीटाणु और विषाणु पैदा करती हैं।

यही खतरनाक कीटाणु जब इंसान से इंसान में जाते हैं तो कम असर करते होंगे लेकिन जब जानवर में प्रवेश करते होंगे तो ज़्यादा असर करते होंगे। जानवर इंसान को कीटाणु देना तो नहीं चाहता होगा लेकिन इंसान अपने व्यवहार के कारण ले लेता होगा। जानवरों का कुदरती पर्यावरण खत्म कर, नकली वातावरण में अपने स्वार्थ और आनंद के लिए रखना इंसानी शौक है।

इंसान पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुँचाने पर उतारू है। इंसान जानवर से ज़्यादा खतरनाक साबित हो चुका है। इंसान और जानवर जब भी करीब आते हैं उनके प्यार के आदान प्रदान के दौरान ऐसे ही तत्व विषाणु के रूप में जानवरों में प्रवेश कर जाते हैं। इस प्रक्रिया में अभी भी नैसर्गिक रूप से, कुदरत की विरासत संभाले हुए जानवरों से कम वायरस आते हैं। जानवरों को साथ रखने के कारण इंसानों में जो वायरस आ जाते हैं देर सवेर उनका पता चल जाता है लेकिन जो कीटाणु हम जानवरों को देते हैं उनका पता कम ही चलता होगा। इंसान के कीटाणु जानवरों के कीटाणुओं से ज्यादा नुकसानदेह लगते हैं।

## ब्लैकबेरी बनाम ब्लूबेरी- इनमें से कौन-सी है ज्यादा स्वास्थ्यवर्धक?



बेरी अपनी मिठास और स्वास्थ्य लाभों के लिए जानी जाती हैं। बेरी कई तरह की होती हैं, जिनमें सबसे प्रमुख ब्लैकबेरी और ब्लूबेरी हैं।ये दोनों ही बेरीज विटामिन और खनिजों से भरपूर होती हैं और स्वास्थ्य को फायदा पहुंचाती हैं।इन्हें स्वास्थ्य गुणों का पावरहाउस कहा जाए तो गलत नहीं होगा, लेकिन ब्लैकबेरी और ब्लूबेरी में से कौन से बेरी बेहतर हैं?आइए दोनों की तुलना करते हुए इसके बारे में जानते हैं।

किसमें होती है अधिक कैलोरी?

एक कप ब्लैकबेरी म लगभग 62 कैलोरी होती है। इसमें विटामिन, खनिज और पोषक तत्व होते हैं।ब्लैकबेरी विटामिन-सी का एक अच्छा स्त्रोत होता है और इसमें 30 प्रतिशत तक इसकी मात्रा होती है।दूसरी तरफ एक कप ब्लूबेरी में लगभग 84 कैलोरी होती है, जो ब्लैकबेरी के मुकाबले ज्यादा हैं।ब्लैकबेरी की तरह यह भी विटामिन-सी का एक अच्छा स्त्रोत है। इसके साथ ही इसमें विटामिन-के भी भरपूर मात्रा में पाई जाती है।

ब्लैकबेरी के सेवन से क्या लाभ मिलते हैं?

ब्लैकबेरी विटामिन-के का एक अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य और मैंगनीज के लिए आवश्यक है। मैंगनीज चयापचय और हड्डियों के निर्माण के लिए आवश्यक है।एक कप ब्लैकबेरी में लगभग 8 ग्राम फाइबर भी होता है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। फाइबर ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।इसके अलावा ब्लैकबेरी में एंथोसायनिन भी होता है, जो याद्दाश्त को मजबूत करता है और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है।

ब्लूबेरी से क्या लाभ मिलते हैं?

ब्लूबेरी को एक सुपरफूड माना जाता है क्योंकि यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है।ये एंटी-ऑक्सीडेंट सूजन क म करते हैं, दिमाग की कार्यक्षमता में सुधार करते हैं और हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करते हैं।इसके अलावा ब्लूबेरी का नियमित सेवन ब्लड प्रेशर को कम करके और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (खराब कोलेस्ट्रॉल) के स्तर को कम करके हृदय स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। यह अधिक उम्र से संबंधित याद्दाश्त समस्याओं को भी कम करती है।

दोनों में से किसका सेवन बेहतर?

ब्लैकबेरी और ब्लूबेरी दोनों ही कई लाभ स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, जो उन्हें मूल्यवान बनाते हैं।इनमें से किसका सेवन करना आपके लिए बेहतर होगा, यह आपकी स्थिति और व्यक्तिगत पसंद पर निर्भर कर सकता है।हालांकि, अगर इनमें से किसी एक का चयन करना है तो आप ब्लूबेरी चुन सकते हैं क्योंकि यह हृदय रोग और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करती है और समग्र स्वास्थ्य को फायदा पहुंचाती है।

## बदले की आग में जलते मनोज बाजपेयी की फिल्म भैय्या जी का दमदार टीजर हुआ रिलीज, फिल्म 24 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



मनोज बाजपेयी फिल्म इंडस्ट्री के टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं. उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में और वेब सीरीज की हैं. अब उनकी नई फिल्म भईया जी का टीजर रिलीज किया गया है जिसमें वो बदले की आग में जलते नजर आ रहे हैं. मनोज बाजपेयी का फिल्म में काफी खूंखार किरदार दिखाया जाएगा जिसे आप इस टीजर में देख सकते हैं. पहले भी मनोज बाजपेयी ने सस्पेंस और एक्शन सीन वाली फिल्में की हैं लेकिन इस बार उनके अभिनय में कुछ अलग देखने को मिलेगा. फिल्म का टीजर काफी पसंद किया जा रहा है और मेकर्स ने टीजर के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है. पहले भी मनोज बाजपेयी ने सस्पेंस और एक्शन सीन वाली फिल्में की हैं लेकिन इस बार उनके अभिनय में कुछ अलग देखने को मिलेगा. फिल्म का टीजर काफी पसंद किया जा रहा है और मेकर्स ने टीजर के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है. फिल्म के टीजर में दिखाया है कि एक सीधा-सादा इंसान अपने भाई की पढ़ाने के लिए सबकुछ करता है. लेकिन जब उसका भाई किसी साजिश का शिकार होकर मार दिया जाता है तब बदले की आग जल उठती है. टीजर देखकर फिल्म की कहानी तो कुछ ऐसी ही नजर आ रही, बाकी 24 मई को क्लियर होगा कि फिल्म की कहानी आखिर किस आधार पर होगी. मनोज बाजपेयी का ऐसा खूंखार रूप आपने शायद ही किसी फिल्म में देखा हो. फिल्म भईया जी का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है. वहीं फिल्म में मनोज बाजपेयी ही लीड एक्टर के तौर पर नजर आए हैं.



## खतरों के खिलाड़ी में भाग लेती नजर आएंगी कृष्णा श्रॉफ, खुद किया खुलासा

रोहित शेट्टी का स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी इस वक्त चर्चा में बना हुआ है। खतरों के खिलाड़ी एक्शन और रोमांच से भरपूर होता है। इस शो के लिए नए-नए प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ अब फिल्मों और ओटीटी की बजाय सीधा टीवी से डेब्यू करने जा रही है। खबर है कि कृष्णा श्रॉफ खतरों के खिलाड़ी 14 में खतरों से खेलती हुई दिखाई देंगी। हमेशा की तरह इस बार भी यह शो रोमांच का पूरा वादा करता है और दर्शकों को सीट से बांधे रखेगा।

कृष्णा श्रॉफ की बात करें तो भाई टाइगर श्रॉफ की तरह वह भी फिटनेस की दीवानी हैं। कृष्णा श्रॉफ ने हाल ही में इस शो में आने की पुष्टि की है। कृष्णा ने एक बयान में कहा है, 'वह रोहित शेट्टी के स्टंट-आधारित रियलिटी शो में हिस्सा लेंगी। टाइगर श्रॉफ की बहन ने उल्लेख किया कि उन्हें हमेशा खुद को चुनौती देना पसंद है और खतरों के खिलाड़ी 14 से बेहतर अवसर क्या हो सकता है, जहां मैं अपनी मानसिक और शारीरिक ताकत बढ़ा पाऊंगी'। कृष्णा की प्रोफाइल पर एक नजर डालें तो वह भी अपने भाई की तरह फिटनेस फ्रीक हैं, ऐसे में वह निश्चित रूप से खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए एक परफेक्ट ऑप्शन हैं। कृष्णा इस शो में सभी के लिए एक कठिन प्रतियोगी साबित हो सकती हैं। इस बार शो में सभी फीमेल कंटेस्टेंट की नजर कृष्णा पर जरूर होगी। कृष्णा के साथ-साथ इस शो में आसिम रियाज की भी एंट्री होने वाली है। यह भी कहा जा रहा है कि आसिम ने इस शो के लिए पूरी तरह से तैयारी शुरू कर दी है। रिपोर्ट की मानें तो रोहित शेट्टी के टीवी शो खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग रोमानिया में होगी। इससे पहले शूट लोकेशन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, जबकि कुछ रिपोर्टों ने सुझाव दिया कि शूटिंग या तो बुल्गारिया या केप टाउन में होगी। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि टीम थाईलैंड या जॉर्जिया में अपने शो की शूटिंग के लिए अधिक उत्सुक है। नए अपडेट के अनुसार अब शो की शूटिंग रोमानिया में होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में सुमोना चक्रवर्ती, धनश्री वर्मा, शोएब इब्राहिम, अभिषेक मल्हान, श्रीराम चंद्रा, मनीषा रानी, जिया शंकर और अन्य कई लोग शामिल हो सकते हैं।

# सलमान खान की सिकंदर में हुई रश्मिका मंदाना की एंट्री



सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर के लिए साउथ सिनेमा की सुपरहिट एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को चुना गया है. रश्मिका ने सोशल मीडिया पर सलमान खान समेत फिल्म मेकर के साख एक फोटो शेयर कर इसकी पुष्टि की है. एआर मुर्गदोस की निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. श्रीवल्ली सलमान खान की अगली सिकंदर के कलाकारों में शामिल हो गई हैं. नाडियाडवाला पोते और वर्दा खान एस नाडियाडवाला ने रश्मिका मंदाना को अपने टीम में शामिल करते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया है और उसे एक्ट्रेस को टैग किया है. इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है, सिकंदर में सलमान खान के साथ अभिनय करने के लिए शानदार रश्मिका मंदाना का स्वागत. ईद 2025 पर उनके ऑन-स्क्रीन जादू के दिखाने का इंतजार नहीं कर सकते.मेकर्स की ओर साझा किए गए पोस्ट को रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम पर लिया है और कैप्शन में लिखा है, आप लोग काफी समय से मुझसे अगला अपडेट पूछ रहे हैं और यह यहां है.. सरप्राइज. मैं सिकंदर का हिस्सा बनकर वास्तव में आभारी और सम्मानित महसूस कर रही हूं. यह 2025 में ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.सलमान खान ने इस साल ईद पर अपने अगले प्रोजेक्ट सिकंदर का एलान किया था. फिल्म की शूटिंग शूरू हो गई है. सेट से सलमान खान की एक तस्वीर भी सामने आई है. फोटो में सुपरस्टार को सेट पर एक लड़की के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है.

# गर्मियों में इंटरमिटेंट फास्टिंग का पालन करते समय इन बातों का रखें ध्यान


इंटरमिटेंट फास्टिंग सामान्य डाइट से अलग खाने का एक पैटर्न है और इससे वजन कम करने के साथ-साथ अन्य कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।इसका पालन करने वाले अधिकतर लोग 16 घंटे उपवास रखते हैं, जबकि 8 घंटे खाना-पीना करते हैं।हालांकि, गर्मियों के दौरान इस पैटर्न को अपनाने वाले लोगों को डाइट में कुछ बदलाव करने चाहिए।आइए जानते हैं कि इंटरमिटेंट फास्टिंग को अपनाने वाले लोगों को गर्मियों में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

हाइड्रेशन का रखें ध्यान

गर्मियों में हाइड्रेशन का ध्यान रखान बहुत जरूरी है। भरपूर पानी का सेवन शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद कर सकता है और शरीर को हाइड्रेट रखकर कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है।गर्मियों के दौरान डिहाइड्रेशन एक आम समस्या है, जो थकान और अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकती है।इसलिए इंटरमिटेंट फास्टिंग वाले उपवास के बीच इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने के लिए स्वास्थ्यवर्धक तरल पदार्थों का सेवन करें।

मौसमी फल का करें सेवन

गर्मियों के दौरान बाजार में आने वाले फल तरबूज, खरबूजा और जामुन जैसे पानी से भरपूर फलों को डाइट में शामिल करना लाभदायक हो सकता है।इसका कारण है कि मौसमी फल बदलते मौसम की जटिलताओं से निपटने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इम्यूनिटी को बढ़ावा देने और पाचन क्रिया को स्वस्थ रख सकते हैं।यहां जानिए गर्मियों में आने वाले फलों से मिलने वाले फायदे।



पोषक तत्वों का होना चाहिए सही संतुलन

लोग अक्सर उपवास को खत्म करने के बाद बहुत कम खाते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।इंटरमिटेंट फास्टिंग खाने के समय को प्रतिबंधित करने का तरीका है और इसका पूरा उद्देश्य खाने को सही तरह से पचाने के लिए पर्याप्त समय देना है।इसके अतिरिक्त आपके संतुलित आहार में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन-ष्ट जैसे पोषक तत्व जरूर होने चाहिए। ये पेट को लंबे समय भरा रखने और मांसपेशियों के निर्माण में मदद कर सकते हैं।

पर्याप्त नींद भी करेगी मदद

इस बात का ध्यान रखना भी बहुत महत्वूर्ण है क्योंकि उपवास के दौरान नींद की कमी से शरीर के लिए वसा जलाना मुश्किल हो जाता है।रात को अच्छी नींद के लिए सही सर्कडियन लय बनाए रखना जरूरी होता है क्योंकि यह भूख और मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करने वाले हार्मोन को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।यहां जानिए नींद को बेहतर करने वाले खाद्य पदार्थ।

क्या कोई भी इंटरमिटेंट फास्टिंग का विकल्प चुन सकता है?

अधिकतर लोगों का मानना है कि कोई भी इंटरमिटेंट फास्टिंग का विकल्प चुन सकता है, लेकिन ऐसा नहीं है।गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए इंटरमिटेंट फास्टिंग को चुनना सही नहीं है क्योंकि शिशु के पर्याप्त विकास के लिए उन्हें नियमित रूप से उचित मात्रा में कैलोरी की आवश्यकता होती है, जो कि इंटरमिटेंट फास्टिंग से नहीं मिल सकती है।इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए भी इंटरमिटेंट फास्टिंग सही नहीं है।

## बॉक्स ऑफिस पर आखिरी दिन गिन रही बड़े मियां छोटे मियां, मैदान का जादू भी बेअसर

अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारों से सजी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की कमाई रिलीज के चौथे सप्ताह में भी जारी है।बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अजय देवगन की फिल्म मैदान से हो रहा है।यह दोनों फिल्में ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।आइए जानते हैं 28वें दिन मैदान और बीएमसीएम के खाते में कितने लाख रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने अपनी रिलीज के 28वें दिन यानी चौथे बुधवार को 25 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 64.50 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है।मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा और अलाया एफ जैसी अभिनेत्रियां भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

## श्वेता तिवारी ने सेक्सी क्रॉप टॉप पहन समंदर किनारे दिए किलर पोज

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं. 43 की उम्र में भी एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस लुक्स से कायल करती हैं. श्वेता का स्टाइलिश अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने हॉलिडे से फोटोज शेयर की थी, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल रहती हैं. श्वेता तिवारी अपने बोल्ड अंदाज से सरप्राइज करने का मौका नहीं छोड़ती हैं. एक बार तो एक्ट्रेस को नेशनल टीवी पर बिकिनी में नहाते हुए भी देखा गया था. श्वेता को 2009 में रियलिटी शो इस जंगल से मुझे बचाओ में देखा गया था. इस शो में स्टार्स को जंगल में रहना था. उस वक्त एक्ट्रेस को बिकिनी पहने नहाते हुए देखा गया था. उन्हें पर्पल कलर की बिकिनी में देखा गया था. हालांकि, श्वेता को अपने इस एक्ट की वजह से काफी ट्रोलिंग झेलनी पड़ी थी. श्वेता विवादों में पड़ गई थीं.बता दें कि हाल ही में श्वेता ने अपने हॉलिडे से कई फोटोज शेयर किए थे. फोटोज में वो समंदर किनारे खड़े होकर पोज देती नजर आईं. उन्होंने व्हाइट ब्रालेट और ब्लैक शॉर्ट्स पहना हुआ था. ब्लैक शेड्स और ओपन हेयर में श्वेता काफी ग्लैमरस लग रही थीं. उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आया था.



## शब्द सामर्थ्य -053

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फुर्तीला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 052 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## तमन्ना भाटिया का बॉक्स ऑफिस पर तहलका, 30 करोड़ के करीब पहुंची अरनमनई 4

तमिल फिल्म अरनमनई 4 दर्शकों को काफी पसंद आ रही है. 3 मई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली ये फिल्म फैंस का दिल जीतने में कामयाब रही है. अरनमनई 4 को रिलीज हुए अभी 6 दिन ही हुए हैं और फिल्म कलेक्शन के मामले में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ के करीब पहुंच गई है. सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो अरनमनई 4 ने पहले दिन 4.65 करोड़ रुपए की दमदार ओपनिंग की थी. दूसरे दिन तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म की कमाई बढ़ी और इसने 6.65 करोड़ रुपए का कारोबार किया और तीसरे दिन 7.85 करोड़ रुपए छापे. चौथे दिन अरनमनई 4 ने 3.65 करोड़ रुपए कमाए और पांचवें दिन 3.4 करोड़ रुपए का बिजनेस किया. अरनमनई 4 ने छठे दिन भी घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 3 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है और इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 29.20 करोड़ रुपए हो गया है. अपने 6 दिनों के कारोबार के साथ अरनमनई 4 अब अपना बजट निकालने के बहुत करीब पहुंच गई है. बता दें कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तमन्ना भाटिया की फिल्म का बजट 40 करोड़ रुपए बताया जा रहा है.अरनमनई 4 में तमन्ना भाटिया के साथ राशी खन्ना भी लीड रोल में हैं. तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे तमन्ना भाटिया स्टारर इस फिल्म में राशि खन्ना भी अहम रोल में हैं. तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस के पास तेलुगु फिल्म ओडेला 2 है जिसमें वे शिवशक्ति के रोल में नजर आएंगी.



# जीतेगा कोई एक ही, पर दो प्रत्याशी कर रहे जीत का दावा

### दोनों ही पार्टियों कर रही जीत का दावा.......
### किसके दावे में कितना दम....

**चरचा कालरी।** 7 मई को कोरबा लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न हुआ जिसमें लोकसभा क्षेत्र की जनता ने 70 दशमलव 60प्रतिशत मतदान किया वही लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कोरिया जिले में बढ़-चढ़कर 80.16 प्रतिशत मतदान किया गया।

नगर पालिका शिवपुर चर्चा की जनता ने 65.17 प्रतिशत मतदान किया कोरबा लोकसभा चुनाव में 27 प्रत्याशी मैदान में थे किंतु शिवपुर चर्चा क्षेत्र में मुख्य रूप से भाजपा व कांग्रेस के बीच टक्कर नजर आई गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व बसपा की प्रचार गाड़ियां कभी कभार ही देखने को मिली चुनाव लड़ रहे पूर्व लोकसभा में चुनाव लड़ रहे अधिकांश प्रत्याशियों को यहां की जनता जानती तक नहीं है और न हीं उन लोगों ने यहां की जनता के समझ आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई मतदान होने के पश्चात दोनों हीं दलों के द्वारा अपनी अपनी जीत के दावे किए जा रहे हैं कांग्रेस पार्टी के द्वारा बेरोजगारी, महंगाई ,श्रम कानून में बदलाव, भ्रष्टाचार कॉविड वैक्सीन का दुष्प्रभाव आदि मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया था वही भाजपा के द्वारा राष्ट्रवाद ,समुचित विकास, महतारी वंदन योजना, धारा 370, आतंकवाद पर नियंत्रण



,विदेश में बढ़ते भारत के प्रभुत्व ,आदि मुद्दों को जनता के सामने रखा गया था चुनाव के दौरान दोनों ही दलों के द्वारा जोर-शोर से प्रचार प्रसार किया गया दोनों ही पक्षों की दलीलों को सुनते हुए क्षेत्र की जनता ने मतदान किया जो कि ईवीएम में बंद है चुनाव में कौन जीतेगा या कौन हारेगा यह तो 4 जून को ही पता चलेगा दोनों ही पक्षों के द्वारा अपनी अपनी जीत के दावे किए जा रहे हैं उनके दावों में कितना दम है यह तो ईवीएम में बंद है मतदान संपन्न होने के पश्चात भाजपा शिवपुर चर्चा मंडल के अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के जनहित विकास कार्यों को देखते हुए जनता ने हमारे पक्ष में मतदान किया है मतदाताओं का जबरदस्त सहयोग मिला विशेष कर महिला शक्ति ने बढ़ चढ़कर मतदान किया और निश्चित ही हमारी विजय होगी क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति हम सदैव आभारी रहेंगे नगर पालिका के लगभग सभी वार्डों में हमारी बढ़त रहेगी कुछ समय पूर्व संपन्न हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा को शिवपुर चर्चा से लगभग 1900 वोटो की बढ़त मिली थी जो इस बार और भी ज्यादा होगी नगर पालिका शिवपुर चर्चा के साथ कोरिया जिले में भी भाजपा को भारी बढ़त मिलेगी और जनता के आशीर्वाद से हमारे प्रत्याशी सरोज पांडे दीदी कोरबा विधानसभा चुनाव को हजारों मतो से जीतेंगे।

क्षेत्र में नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में मतदान उपरांत स्थिति को देखते हुए शिवपुर चर्चा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत लकड़ा ने कहा कि यह चुनाव पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में रहा और श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत निश्चित रूप से जीतेंगी चर्चा की जनता ने बहुत सोच समझकर मतदान किया है नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के दौरान प्राप्त मतों का अंतर कम होकर 500 तक में सिमट जाएगा कांग्रेस पार्टी के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ा है कांग्रेस के घोषणा पत्र पर जनता भरोसा करेंगी श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत की जीत निश्चित है और वह संसद में हम सब का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## खाने और मेहर पर विवाद लौटाई गई बारात

**सूरजपुर।** रामानुजनगर थाना इलाके के नारायणपुर गांव में निकाह के बाद मारपीट होने पर दूल्हा दुल्हन को लिए बगैर बैरंग लौट गया। इधर दुल्हन पक्ष ने दूल्हा पक्ष पर निकाह के बाद मोटरसाइकिल व कार के लिए छह लाख रुपये की मांग पूर्ण नही होने पर दुल्हन को लिए बिना वापस लौट जाने का आरोप लगाते हुए रामानुजनगर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। घटना गुरुवार की है। बताया गया कि अंबिकापुर निवासी युवक का विवाह गुरुवार को नारायणपुर निवासी शमीउल्लाह खान की पुत्री से होना निर्धारित था। वह बारात लेकर नारायणपुर पहुंचा था। वहां निकाह होने के बाद खाने को लेकर वर वधु पक्ष के बीच वाद विवाद और मारपीट हो गई। उसके बाद वर पक्ष ने रामानुजनगर थाने पहुंचकर मारपीट की शिकायत की और उसके पश्चात वर पक्ष निकाह के बावजूद दुल्हन को लिए बगैर बैरंग लौट गया। इधर शुक्रवार को थाना पहुंचकर वर पक्ष के विरुद्ध मारपीट कर मेहर की मांग पूर्ण नहीं होने और निकाह के बावजूद दुल्हन को लिए बिना लौट गए। वधु के पिता शमीउल्लाह का कहना है कि उसने कर्ज लेकर अपनी बेटी के निकाह की तैयारी की थी।

# चरचा कोलयरी क्षेत्र के विद्यार्थियों ने परीक्षा में पाई सफलता

**चरचा कालरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम के तहत कक्षा 12वीं व 10वीं के नतीजे में कोयलांचल क्षेत्र चरचा कालरी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया शिवपुर चरचा क्षेत्र मैं विगत कई वर्षों से निरंतर अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देने वाले लोकप्रिय शिक्षण संस्थान ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के 18 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिनमें पांच छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया स्कूल के छात्र जितेंद्र कुमार ने 89.6प्रतिशत अंक ,करीना मोदी 86.33प्रतिशत ,मिस्टी टोप्पो 84.33 प्रतिशत दिव्यांशी कुमारी 80.33प्रतिशत अनु पांडे 80.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त किया कक्षा दसवीं में विद्यालय के 90प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के संचालक व प्राचार्य कुंदन पांडे ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बोर्ड परीक्षाओं के तहत क्षेत्र के प्रतिष्ठापूर्ण हिंदी माध्यम स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा 12वीं की छात्रा रुम्पा विश्वास ने विद्यालय में सर्वाधिक 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया वही कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कुमारी सुलेखा 91प्रतिशत ,शौर्य राजवाड़े 90.8प्रतिशत व काजल कुर्रे 90.6 प्रतिशत अंक हासिल करने में सफलता प्राप्त किया।

शिवपुर चर्चा क्षेत्र में स्थित स्वामी रामदास इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल के बच्चों ने भी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखा स्वामी रामदास स्कूल से दसवीं कक्षा की बोर्ड



परीक्षा में 17 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिसमें 11 बच्चे प्रथम श्रेणी से पास हुए विद्यालय के छात्र प्रांजल सिंह ने 85.65प्रतिशत अंक हासिल किया वहीं साहिल कुमार ने 84.33प्रतिशत अंक प्राप्त करने में सफलता पाई।

## दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे ब्रीज के नीचे खड़ी टीवीएस एक्सल को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दयाशंकर साहू 37 वर्ष बीएसयूपी कालोनी सोनडोंगरी का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 04 एचएस 5364 को तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे ब्रीज के नीचे खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

## जिला अस्पताल में हो रहे हैं नियमित डायलिसिस हर दिन पहुंच रहें है 8 से 12 मरीज

**कोरिया।** बैकुण्ठपुर स्थित जिला अस्पताल में मरीजों की जांच, उपचार सही समय पर हो इसके लिए पर्याप्त संख्या में डॉक्टर स्टॉफ की व्यवस्था समय-समय पर राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा की गई है। इस आदिवासी बाहुल्य अंचल में मरीजों की आवश्यकताओं के अनुरूप लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहते हैं। जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर में डायलिसिस मशीन का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। फिलहाल पांच डायलिसिस मशीन की स्थापना की गई है, जिसमें चार डायलिसिस मशीन का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। इसमें से एक डायलिसिस मशीन टेक्निकल सर्विस के लिए बंद है, जिसे शीघ्र प्रारंभ कर दी जाएगी। इस संबंध में यह अफवाएं फैलाई जा रही हैं कि, जिला चिकित्सालय में एक दिन में सिर्फ दो ही मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है जो पूर्णत: भ्रामक है। फिलहाल प्रतिदिन जिला चिकित्सालय में 8 से 12 मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है। कोई भी मरीज डायलिसिस के लिए परेशान नहीं है। उन्हें समय पर बेहतर सेवाएं दी जा रही हैं।

## एक हजार से अधिक मतदाताओं ने डाक मतपत्र से किया मतदान

**कोरिया।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 03 बैकुंठपुर में अनिवार्य सेवा, पुलिस बल, नगर सैनिक, वन विभाग के कर्मचारी, अधिकारी द्वारा सुविधा केन्द्रों पर उपस्थित होकर एवं होम वोटिंग के दौरान डाक मतपत्र से विगत दिनों मतदान किए थे। साथ ही निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों को कर्त्तव्य प्रमाण-पत्र भी जारी किया गया था। उक्ताष्य की जानकारी डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी द्वारा दी गई पुलिस विभाग, नगर सैनिक, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग तथा अन्य जिले के फार्म-12 तथा 85 वर्ष व उससे अधिक उम्र के मतदाता एवं 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को फार्म 12 घ-डी कुल 468 पोस्टल बैलेट जारी की गई थी, जिसमें से 382 मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र से मतदान किए गए थे, इसी तरह 978 मतदान दलों को ईडीसी जारी की गई थी, जिसमें से 863 मतदाताओं ने मतदान किए हैं।

# स्कूटी सवार दो महिलाओं से लूटपाट करने के बाद फरार एक आरोपी को दबोचा पुलिस ने



**सूरजपुर।** ग्राम गजाधरपुर निवासी कांती देवी ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 28 मार्च को अपनी लड़की के साथ स्कूटी से गांधीनगर अम्बिकापुर पकड़ा दुकान गए थे जहां से खरीददारी कर वापस घर गजाधरपुर आ रहे थे दोपहर में सोनवाही जंगल के पास पहुंचे थे कि इन लोगों के पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में आए और बोले कि रूको, तब डरकर यह रूक गए उसी दौरान दोनों व्यक्ति बोले कि झोला चेक कराओ क्या है इसमें कहते हुए झोला छीन लिए तथा झोला में रखा 2 नग पर्स जिसमें 4200 रूपये थे उसे छीनकर मोटर सायकल से दोनों अम्बिकापुर की ओर भाग गए, लड़की अम्बिकापुर की ओर सड़क पर स्कूटी से पीछा भी की जो दोनों भाग निकले। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 392, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी शहजोर अली उम्र 32 वर्ष निवासी ईरानी मोहल्ला अम्बिकापुर को लूट की रकम में से 1 हजार रूपये व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सहित गिरफ्तार किया गया था। उसका साथी दीपक यादव घटना के बाद से ही फरार था।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.)ने फरार आरोपी की पतासाजी कर पकड़ने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में फरार आरोपी की पतासाजी के दौरान शुक्रवार 10 मई 2024 को चौकी लटोरी पुलिस को सूचना मिली कि दीपक यादव को उसके घर के आसपास देखा गया है जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी लगाकर आरोपी दीपक यादव पिता मथुरा यादव उम्र 26 वर्ष निवासी गंगापुर खुर्द, थाना गांधीनगर अम्बिकापुर को पकड़ा गया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष शिनाख्त परेड कराई गई, जहां पीड़िता द्वारा आरोपी की पहचान की गई। पूछताछ पर आरोपी ने लूट की घटना को अपने साथी शहजोर के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी अरविन्द प्रसाद व उनकी टीम सक्रिय रही।



## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** रात्रि में न्यू बस स्टैण्ड प्रतापपुर के एक होटल में काम करने वाले बजरंगी कुशवाहा द्वारा आपसी विवाद पर साथ में काम करने वाले रामदास पिता स्व. पांडे उम्र 60 वर्ष ग्राम टुकुडांड को डण्डा से प्राणघातक प्रहार कर चोट पहुंचाया जिसे उपचार के लिए प्रतापपुर अस्पताल लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। अमिल कुमार की रिपोर्ट पर मर्ग कायमी उपरान्त धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने प्रकरण के आरोपी की जल्द पकड़ने करने के निर्देश दिए। थाना प्रतापपुर पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना करते हुए घेराबंदी कर आरोपी बजरंगी कुशवाहा पिता स्व. रामाशंकर कुशवाहा उम्र 40 वर्ष ग्राम महरादेउर, थाना-भोरेन जिला गोपालगंज बिहार, वर्तमान निवासी न्यू बस स्टैण्ड प्रतापपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई विवेक खलखो, एएसआई हीरालाल साहू, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, रामाधीन श्यामले, राहुल गुप्ता, भूपेन्द्र पोर्ते, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, अपील चौधरी, भीमेश आर्मो, मंगलेश्वर, निशांत, अभिमन्यू पैंकरा व महेश्वर सिंह सक्रिय रहे।

## अस्पतालों में गर्भवती माताओं का हर माह नि:शुल्क जांच-उपचार



**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' के अंतर्गत सभी गर्भवती माताओं का नि:शुल्क जांच उपचार एवं सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में 9 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में विकासखण्ड सोनहत के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा के द्वारा 44 गर्भवती माताओं का नि:शुल्क सोनोग्राफी किया गया। जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क जांच उपचार की सुविधा है।

## दसवीं में पूरक आने पर छात्रा ने लगाई फांसी

**रामानुजगंज।** 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में पूरक आने से व्यथित छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका को परीक्षा में 52 प्रतिशत से अधिक अंक मिले थे लेकिन दो विषय में पूरक आ जाने से वह अवसाद में थी। पिता सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने उसे समझाया भी था लेकिन छात्रा ने आत्महत्या कर ली। घटना बलरामपुर जिले के ग्राम पुरुषोत्तमपुर में शुक्रवार की सुबह हुई। मनोज सिंह की पुत्री रेखा सिंह ने इस वर्ष 10 वीं बोर्ड की परीक्षा दी थी। उसे 600 में से 316 नंबर प्राप्त हुए थे। उसने 52 प्रतिशत से अधिक अंक लाया परंतु गणित एवं विज्ञान में वह पूरक आ गई थी। परीक्षा परिणाम देखने के बाद वह गहरे अवसाद में चली गई थी। उत्तीर्ण नहीं हो पाने के कारण वह खूब रोई थी। दो बहन एवं एक भाई में रेखा सबसे छोटी थी। शुक्रवार सुबह जब बड़ी बहन खाना बना रही थी ,तब रेखा ने दूसरे कमरे में फांसी लगा ली। घर के अन्य सदस्य खेत में काम करने गए थे। जब बड़ी बहन ने खाना बनाने के दौरान रेखा को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। उसने घर के कमरे में बहन को फांसी पर लटका देखा।

# वाड्रफनगर पुलिस ने हजारों की विदेशी शराब बरामद की



**वाड्रफनगर।** डस्टर चारपहिया वाहन से अंग्रेजी शराब का परिवहन करते युवक को बलरामपुर जिले की वाड्रफनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित सोनू यादव,रमकोला थाना क्षेत्र के ग्राम घुई का रहने वाला है। पूछताछ में शराब के अवैध परिवहन को लेकर पुलिस को जानकारी मिली है।

वाड्रफनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि डस्टर कार क्रमांक एचआर 26 बीएक्स 9941 में प्रेमनगर तिराहा की ओर से वाड्रफनगर की ओर अवैध रूप से शराब लाया जा रहा है। गाड़ी के डिक्की में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब होने की भी जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने स्कार्पियो वाहन से वाड्रफनगर बस स्टैण्ड की ओर घेराबंदी की योजना बनाई। इसी दौरान डस्टर कार तेजी से पार हो गई। पुलिसकर्मियों ने वाहन का पीछा किया। मुख्य मार्ग पर पनसरा मोड़ के पास ओवरटेक कर बमुशिकल डस्टर वाहन को रोका गया।

वाहन में चालक मिला। उसने अपना नाम सोनू यादव बताया। कार की डिक्की से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। लगभग 95 हजार की शराब की जब्ती करने के बाद पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया है।

## बाल विवाह होने की पुष्टि, सात के खिलाफ अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** रामानुजनगर इलाके के छिंदिया गांव में बालविवाह होने की जांच में पुष्टि पर परियोजना अधिकारी की रिपोर्ट पर रामानुजनगर पुलिस ने वर के आरोपित पिता समेत सात आरोपितों के खिलाफ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। उक्ताशय की रिपोर्ट भारती पटेल परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना रामानुजनगर ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि ग्राम छिंदिया निवासी रम्बू राम पैकरा के पुत्र का ग्राम कठममुड़ा डांड़गांव सरगुजा निवासी उजियार पैकरा की पुत्री के साथ बालविवाह होने की जानकारी मिली थी। इस पर जिला बाल संरक्षण इकाई समेत परियोजना अधिकारी व चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा छिंदिया गांव में बाल विवाह करने वाले युवक के घर पहुंचकर जांच की। जांच में बाल विवाह होना पाए जाने पर आरोपितों के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धारा 9, 10, 11 के तहत अपराध दर्ज कराया गया है। पुलिस ने युवक के पिता रम्बू राम पैंकरा समेत चंदन, फुलसाय, शंभु, चंद्रिका, टेटू व समुंदर के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। बता दें कि बालविवाह के मामले में सूरजपुर में सबसे ज्यादा रहने के कारण कलेक्टर रोहित व्यास ने बाल विवाह रोकने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए जिला व ब्लाक स्तर पर संयुक्त टीम गठित कर रखी है। प्रशासनिक टीम बालविवाह रोकने पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। अब जिले में समझाइश के बावजूद बाल विवाह करने वालो के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाने लगा है। इससे पूर्व भैयाथान इलाके में बाल विवाह के मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था।

## सट्टा लिखते युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गोबरानवापारा पुलिस ने बस स्टेण्ड के प्रतीक्षालय में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1220 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नवापारा बस स्टैण्ड के यात्री प्रतिक्षालय में सट्टा खिलाते आरोपी विनोद बघेल 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1220 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## डॉ अलंग ने उद्यानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति का चार्ज



**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने प्रदेश के महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है । इस संबंध में आज ही राजभवन से आदेश जारी किया गया है। राज्यपाल ने उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 17 अंतर्गत डॉ. राम शंकर कुरील को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, पाटन, दुर्ग के कुलपति के पद से तत्काल प्रभाव से हटाये जाने का आदेश दिया गया है। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 14(7) अंतर्गत संभागायुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, पाटन, दुर्ग के कुलपति के रुप में दायित्व निवर्हन हेतु नामनिर्देशित किया गया है। आदेश के परिपालन में संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने कुलपति पद का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है।

# कॉलरी मैनेजर से विवाद पड़ा महंगा, माइनिंग सरदार निलंबित

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की अमेरा ओपनकास्ट परियोजना में पदस्थ माइनिंग सरदार व बीएमएस नेता राजेश सिंह को सहक्षेत्र प्रबंधक एमके चौधरी से विवाद कर धमकी देने के मामले में निलंबित करते हुए जवाब मांगा गया हैं। निलंबित किए गए श्रमिक नेता राजेश सिंह बीएमएस के क्षेत्रीय औद्योगिक संबंध प्रभारी होने के साथ ही अमेरा सहक्षेत्र के जेसीसी मेंबर भी हैं।

बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के दिन एसईसीएल की अमेरा खदान में कोयला कामगारों को मतदान करने के लिए डेली शिफ्ट में आंशिक परिवर्तन किया गया था। ड्यूटी रोस्टर में प्रबंधन द्वारा कामगारों को कार्यस्थल तक लाने व ले जाने में लगी बस को परिवर्तित समय में न भेजकर डेली रूटीन में रवाना करने को लेकर बीएमएस नेता व माइनिंग सरदार राजेश सिंह ने परिवर्तित समय में बस को रवाना करने की मांग की। इस बात को लेकर उन्होंने सहक्षेत्र प्रबंधक कार्यालय पहुंच कर विरोध जताया। इस पर श्रमिक नेता की सहक्षेत्र प्रबंधक एमके चौधरी से उनकी जमकर नोकझोंक हो गई थी। उसके बाद



सहक्षेत्र प्रबंधक ने माइनिंग सरदार राजेश सिंह को निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में श्रमिक नेता पर सहक्षेत्र प्रबंधक कार्यालय में प्रवेश कर हमला करने का प्रयास करने समेत धमकी देकर दुर्व्यवहार करने का जिक्र किया गया है। श्रमिक नेता राजेश सिंह को निलंबन के दौरान प्रतिदिन प्रात: साढ़े दस बजे एमटी एचआर के पास हाजिर होने का निर्देश देते हुए 48 घण्टे की समयसीमा में अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। समय पर जवाब प्रस्तुत करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

निलंबित श्रमिक नेता राजेश सिंह ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप निराधार है। उक्त मामले मे कामगारों के हित मे सब एरिया मैनेजर से बात की गई थी। किसी प्रकार की धमकी नही दी गयी थी, बल्कि सब एरिया मैनेजर द्वारा कामगारों को लेकर की गई टिप्पणी का उन्होंने विरोध किया था। इससे उत्तेजित होकर उन्हें निलंबित किया गया है। जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# मासांत से पहले 1.31 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण पूरा होने की आशा



ग्रीष्मकाल में कोरबा जिले में आम की कई वेरायटियां उपलब्ध हैं। सर्वमंगला नगर में आदित्य सिंह की बाड़ी में आम की अच्छी पैदावार हुई है। इसके स्वाद ने पिछले वर्षों में पहचान बनाई। बताया गया कि नर्सरी से लाकर यह पेड़ कई वर्ष पहले यहां लगाया गया था।

**कोरबा।** ग्रीन गोल्ड के नाम पर पहचाने जाने वाले तेंदूपत्ता ने न केवल वन विभाग की आमदनी बढ़ाई है बल्कि संग्राहकों को भी अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाने का मौका दिया है। जिले के दो वनमंडल के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण का काम जोर-शोर से चल रहा है। सरकार की नीति के अंतर्गत इस बार संग्राहकों को पारिश्रमिक का भुगतान ऑनलाइन किया जा रहा है। विपरित परिस्थितियों के बावजूद विभाग ने आशा जताई है कि समय पर वर्ष 2024 को संग्रहण लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

कोरबा जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में आने वाले 12 वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य मई की शुरुआत से हुआ है। इसके लिए एक महीने का समय निर्धारित किया गया है। हालांकि अवधि का निर्धारण इस बात पर भी टिका होता है कि संबंधित क्षेत्र में तेंदूपत्ता कितनी मात्रा में मिल रहा है और कामकाज की गति क्या है। कोरबा वनमंडल के लिए सरकार की ओर से 55 हजार मानक बोरा और कटघोरा के लिए 76300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। दोनों वनमंडल को मिलाकर 86 हजार 852 संग्राहक इस काम में जुड़े हुए हैं। कोरबा वनमंडल में 38 हजार संग्राहकों को इस काम में शामिल कर रोजगार दिया गया है जबकि कटघोरा वनमंडल में यह संख्या 48 हजार 852 है।



राज्य सरकार पिछली बार के मुकाबले तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़े श्रमिकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर पर भुगतान कर रही है। छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से अब तक की यह सर्वाधिक राशि है जिसने ग्रामीणों को खुश किया है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान कामकाजी लोगों को लेकर मुख्य रूप से तत्कालीन कांग्रेस सरकार और भाजपा ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी किये थे जिसमें तेंदूपत्ता संग्राहकों को अधिक राशि देने के दावे किये गए थे। भाजपा के नेतृत्व में बनी सरकार ने बाजी मारी है। उक्तानुसार संग्राहकों को तेंदूपत्ता एकत्र करने को लेकर राशि का ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है।

### वनोपज बने बड़ा सहारा

जिले में उपस्थित वन संपदा काफी समृद्ध है और वन क्षेत्र में रहने वाली आबादी के लिए सबसे बड़ा आर्थिक सहारा भी है। कई प्रकार की वनोपज कोरबा जिले के वनों में वर्षों से होती रही है। इसमें लाख, चपड़ा, तेंदूपत्ता, महुआ, चार, चिरौंजी मुख्य हैं। इन पर आधारित प्रसंस्करण इकाईयां शुरू करने के लिए संबंधित लोगों को काफी लाभ प्राप्त हो रहा है।

### *पारदर्शी व्यवस्था से काम*

*वन विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण की पद्धति में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं किया है। संग्रहण का काम पहले के जैसा ही है। पिछली घटनाओं को ध्यान में रख आसपास के इलाके में आग लगाने जैसे कारनामो पर निगरानी की गई। कोरबा वनमंडल में कहीं एक मई से तो कुछ स्थानों पर विलंब से संग्रहण कार्य शुरू हुआ है। 38 हजार संग्राहक काम में लगे हैं। हर सप्ताह श्रमिकों को उनके खाते में ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है।*

***- अरविंद डी., डीएफओ कोरबा***

### *लक्ष्य पूर्ति पर फोकस*

*कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत 6 वन परिक्षेत्र के 482 फड़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू कराया गया है। संबंधित समितियों के लिए काम करने वाले अमले को पहले ही आवश्यक प्रशिक्षण दे दिया गया था। इस सत्र में संग्रहण के लिए वनमंडल के 48 हजार 852 लोगों को रोजगार का अवसर दिया गया है। उनके माध्यम से संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए काम जारी है। आशा है कि सबकुछ बेहतर रहा तो संग्रहण का लक्ष्य 23 मई तक पूरा कर लिया जाएगा।*

***- रमन्ना राव, लेखापाल कटघोरा वनमंडल***

## कर्ज से परेशान कर्मी ने खुदकुशी की, पुत्री को नौकरी देने की इच्छा



मृत कर्मी के आवास के बाहर मौजूद आसपास के लोग, इनसेट में मृतक आरएल कुर्रे।

**कोरबा।** जिले में आत्महत्या के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। एसईसीएल के एक डंपर ऑपरेटर ने विभागीय आवास में फांसी लगा ली। पुलिस ने इस मामले में एक सुसाइड नोट जब्त किया है। उसने कर्ज और घरेलू कारण से यह कदम उठाने की बात लिखी है। यह भी लिखा गया है कि उसकी बेटी को अनुकंपा नियुक्ति देने का काम एसईसीएल करे। मामले की जांच की जा रही है।

कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर क्वाटर क्रमांक एम 989 निवासी आर एल कुर्रे ने आज सुबह घर के कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक गेवरा परियोजना में बतौर सीनियर डंफर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। घटना को लेकर बताया जा रहा है की मृतक की पत्नी सुबह टहलने गई थी,वापस आने पर देखा की मृतक के गले में रस्सी का फंदा था और उसका शव जमीन पर पड़ा हुआ था, घर में सो रहे बेटे ने पहले मृतक को लटका हुआ देखा,पिता को बचाने उसने रस्सी काट दी,परंतु उसकी सांसे उखड़ चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। कुसमुंडा थाने में पदस्थ एएसआई यादव ने बताया कि मामला कुल मिलाकर आत्महत्या का है। इसमें नियमानुसार मर्ग कायम किया गया है। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें लड़के से परेशान होना और अधिक कर्ज हो जाने से समस्या उत्पन्न होने का जिक्र किया गया है। इसके अलावा नोट में यह भी लिखा गया है कि वह अपनी इच्छा से खुदकुशी कर रहा है इसलिए उसकी बेटी को अनुकंपा नियुक्ति देने की कार्यवाही की जानी चाहिए। पुलिस मौके पर पंहुचकर मामले की जांच की जा रही है।

## रजिस्टर में नही लगी हाजरी

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में अधिकारियों और संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक हुई जिसमें बायोमेट्रिक हाजरी को अनिवार्य कर दिया गया। अब रजिस्टर में हाजरी नही लगाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि पूरे देश में हाजरि को लेकर बायोमेट्रिक प्रणाली शुरू हो गई है। अधिकांश स्थानों पर बायोमेट्रिक प्रणाली से ही हाजरी लगाया जा रहा था। कुसमुंडा में रजिस्टर से हाजरि लगाने की प्रथा को रोकथाम लगा दी गई है। अचानक कल अधिकारियों ने संयुक्त सलाह कार समिति की बैठक बुलाई। जिसमें अमिया मिश्रा,राहुल वर्मा, अजीत सिंह, रमेश मिश्रा, ए.के. अंसारी सहित सभी संयुकत सलाह कार समिति के सदस्य मजौद थे। अधिकारियों ने बताया कि उपर से आदेश आया है। कि बायोमेट्रिक हाजरी प्रणाली यहां शुरू किया जाएगा। संयुक्त सलाहकार समिति के सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान कर दी है।

## चिकित्सकों की कमी का मामला उठेगा


**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में एसकेएमएस की आईआर बैठक 15 मई को रखी गई है। जिसमें चिकित्सकों की कमी के मामले के अलावा सभी ईकाईयों के समस्याओं को रखा जाएगा। एसकेएमएस के कोरबा एरिया महामंत्री दिपेश मिश्रा ने सभी ईकाईयों की समस्याओं पर पहले ही चर्चा करते हुए बात रखने की रणनीति बना चुके है। एसईसीएल कोरगा पूर्व के मुख्य चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी है। इस मामले को कई बार प्रबंधन के सामने रखा गया है। इसी तहर जूनिया कर्म चारी को सीनियर कर्मचारी के मुकाबले अधिक वेतन मिलने का मामला है। कोरबा एरिया अध्यक्ष धर्मा राव भी कोरबा पश्चिम की समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखेगें। इस बैठक में नालीपानी एवं सड़क के मुद्दें को भी उठाया जाएगा। बैठक में राजू श्रीवास्तव, उज्जवल बनर्जी, कमर बश्क सहित ईकाई के पदाधिकारी मौजूद रहेगें।

## मौसम के बदले रंग से परेशानी, डिपो होल्डर के पास मुहैया कराई दवाएं

### इस सीजन में होती है चुनौतियां

**कोरबा।** ग्रीष्मकाल में मौसम के लगातार तेवर बदलने के कारण जन स्वास्थ्य के मामले में कई प्रकार की चुनौतियां होती है और डायरिया से लेकर दूसरे मामले परेशान करते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इसे ध्यान में रखा है और लोगों को स्वास्थ्य के मामले में गंभीरता बरतने को कहा है। अग्रिम तैयारियों के अंतर्गत डिपो होल्डर के पास दवाएं उपलब्ध कराई गई है। स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसके बखूबी प्रबंध किये गए हैं।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक राज ने बताया कि कोरबा विकासखंड के कुछ इलाकों में डायरिया जैसी समस्या खासकर इसी मौसम में देखने को आती रही



है। पिछले वर्ष के अनुभव को हमने सामने रखने के साथ योजनाबद्ध तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया है। बताया गया कि कोरबा के अपर सीएचसी समेत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और लघु स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस पैकेट के साथ-साथ संबंधित दवाओं की पर्याप्त मात्रा प्रदाय कराई गई है। इसके साथ ही विकासखंड के सभी डिपो होल्डर को भी दवाईयां दी गई है ताकि उसके माध्यम से आसपास के इलाके में उपलब्धता का काम आसान हो सके। अधिकारी ने बताया कि मौसम के संधिकाल और उसके पहले जब कभी बदलाव की स्थिति निर्मित होती है तो ऐसे में तापमान की घटा-बढ़ी के चलते हालात पर असर पड़ते हैं और ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। डायरिया सबसे ज्यादा परेशानी इस दौर में खड़े करता है इसलिए जरूरी तैयारियों पर न केवल हमारा फोकस है बल्कि स्वास्थ्य केंद्र आने वाले लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि फौरी तौर पर ओआरएस की व्यवस्था न होने पर वे घर पर ही नमक, शक्कर और नींबू के जरिए इसका विकल्प तय कर सकते हैं।

## बालको के कुछ क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत

**कोरबा।** बालकोनगर के चेकपोस्ट चौक पर पानी की सुविधा नहीं है,जिससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। लोग चाहते है,कि नगर निगम यहां पर प्याउ की व्यवस्था करवाए।

गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों को पानी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। चेकपोस्ट चौक पर पानी की सुविधा नहीं है। कड़ी धूप में लोग पानी के लिए तरस रहे है। प्याउ की व्यवस्था नहीं होने से समस्या और भी विकराल हो गई है। लोग चाहते हैं,कि पानी की समस्या को दूर करने की दिशा में प्रशासन को ध्यान देने की जरुरत है ताकी लोगों को राहत मिल सके।

## स्टेशन की सेकेंड एंट्री तक पहुंचने में काफी मुश्किलें




### कोल साइडिंग ने बढ़ाई समस्याएं

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा भले ही कोरबा स्टेशन का आउटलुक बेहतर करने के लिए करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है लेकिन सबसे बड़ा मसला यही है कि सेकेंड एंट्री तक पहुंचने के लिए जो मुश्किलें पेश आ रही है उनका क्या किया जाए। दरअसल सेकेंड एंट्री के पास ही प्राइवेट कोल साइडिंग शुरू कर दी गई है जिससे सड़क पर कीचड़ और डस्ट से लोग परेशान हो रहे हैं। इस वजह से कई बार गाड़ियां भी छूट जाती है।

## संडे ड्यूटी को लेकर संशय

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व केंन्द्रीय कर्मशाला में संडे ड्यूटी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। आज यहां के यूनियन प्रतिनिधि अधिकारियों से मुलाकात करेगें। और कल संडे ड्यूटी की मांग करते हुए पूरे साल भर में 24 संडे ड्यूटी देने की बात भी कहेगें। इस संबंध में दिलीप सिंह, राजेश पाण्डेय, राजेन्द यादव, भागवत साहू, संतोष टंडन का कहना है कि संडे ड्यूटी के लिए वें अलग-अलग प्रयास कर रहे है। इधर गेवरा में यूनियन प्रतिनिधि आज अधिकारियों सु मुलाकात कर उन्हें ध्न्यवाद देगें। यहां के यूनियन प्रतिनिधि विकास शुक्ला, एलीन एक्का, हमराज राव, बीएल खुंटे, एलपी चन्द्रा, महावीर साहू, राकेश बेनजामीन का कहना है कि प्रबंधन ने उनकी मांग को काफी गंभीरता से लिया है। यहां पर कल संडे ड्यूटी दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में पूरे साल भर में 24 संडे ड्यूटी भी मिल सकता है।

जानकारों का कहना है कि प्रबंधन के पास जो बजट है उसके हिसाब से काम कराया जा रहा है। दरअसल अधिकारियों को इस तरह की जानकारी मिली है कि कई कर्मचारी अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर संडे ड्यूटी लेना चाहते हैं।

## बस स्टॉप की दुर्दशा, परेशान हैं यात्री

### नगर निगम ने स्थापना पर किया था लाखों खर्च

**कोरबा।** यात्रियों की सुविधा के लिए शहर के चौक चौराहों पर लगाए गए बस स्टॉप की स्थिती काफी दयनिय हो गई है। देख रेख के अभाव में बस स्टॉप जर्जर हो गए हैं,जिससे यात्रियों को खासा परेशान होना पड़ रहा है।

वीओ- आईटीआई चौक के साथ ही शहर के कई स्थानों पर बस स्टॉप लगाए गए है,जहां रुककर यात्री बस या फिर ऑटो का इंतजार कर सके। लाखों रुपए



खर्च कर इनको बनाया गया है,लेकिन देखरेख के अभाव में बस स्टॉप काफी जर्जर हो गए है। जगह जगह से टूट-फूट होने के कारण लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। इस दिशा में प्रशासन को ध्यान देने की जरुरत है। गर्मी के मौसम में आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दिशा में जल्द ही ध्यान देने की जरुरत है ताकी आम जनता को राहत मिल सके।

## वायु प्रदूषण ने हलाकान किया नागरिकों को

**कोरबा।** जिले की कोलफील्ड्स की आबादी अरसे से वायु प्रदूषण और इसके कारण होने वाली समस्याओं से ग्रसित है। कोल ट्रांसपोर्टिंग के साथ-साथ नजदीकी क्षेत्र में खदानों से होने वाली गतिविधियों के कारण पूरे क्षेत्र में कोयले की लेयर बनना लोगों का सिरदर्द बढ़ा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि घरों के बाहर ही नहीं बल्कि अंदर तक उनकी उपस्थिति दर्ज हो रही है। काफी समय से इसे लेकर लोग सवाल खड़े करते रहे हैं लेकिन उन्मूलन के लिए कोई काम नहीं हुआ।

## समय के साथ भ्रांतियां मिटीं और समझ बढ़ी, रक्तदान के लिए अब काफी आसानी

कोरबा। यह जरूर है कि भौतिकवाद के दौर में लोगों की बड़ी संख्या सुख और संसाधन की उपलब्धता की तरफ बढ़ी जा रही है। इसके कई कारण गिनाए जा रहे हैं लेकिन सच्चाई यह भी है कि समाज जीवन के लिए काम करने वाला वर्ग चीजों को भलीभांति समझ रहा है। रक्तदान का मामला इससे ही जुड़ा हुआ है। अब आपात स्थिति में रक्त के लिए जिंदगियों को बहुत ज्यादा जूझना नहीं पड़ता है।

मई 1998 में कोरबा के पृथक जिला गठन होने के बाद से यहां पर जिला स्तरीय ब्लड बैंक का संचालन शुरू हुआ। 26 वर्ष के इस सफर में ब्लड बैंक ने कई

**अलग-अलग स्तर पर मिल रही जरूरतमंदों को सहायता**



लाख लोगों को आड़े वक्त पर उनके समूह का रक्त दिलाने का काम किया है। समय-समय पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में ब्लड डोनेशन कैंप लगाने से जिले के ब्लड बैंक की जरूरत ही न केवल पूरी हो रही है बल्कि इसके जरिए आवश्यकता आधारित मामलों में सहयोग करना संभव हो रहा है। जीवनदीप समिति के द्वारा चलाए जा रहे इस ब्लड बैंक के अलावा निजी संस्थाओं की ओर से भी इस प्रकार का कार्य किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक एक्सीडेंट, प्रसव, एनिमिया से संबंधित मामलों में अलग-अलग समूह के रक्त की जरूरत ज्यादा होती है। बहुत जल्द इसकी आपूर्ति करना और रक्तदाता की खोज करना आसान नहीं होता। सामाजिक संगठनों की कोशिश ने इसे आसान किया है। बताया गया कि समय ने रक्तदान को लेकर लोगों के मन से भ्रांतियां मिटाई है और उनकी समझ में विस्तार किया है। इसलिए लोग अब रक्तदान करने को लेकर हिचकिचाते नहीं हैं बल्कि खुद को प्रस्तुत करते हैं।

### कौन दे सकता है रक्त

18 से 55 आयु वर्ग का स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदार कर सकता है।

## चुनाव में किसकी होगी विजय, हो रहा आंकलन

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव में क्षेत्र के कांग्रेसियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी। सभी काग्रेसिंयों ने अपने अपने क्षेत्र में जोरशोर चुनाव प्रचार किया था। दीपका ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह का कहना है कि उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ सभी मोहल्लों में काम किया है। मतदान होने के बाद उन्होंने कार्यकर्ता से चर्चा भी की है। महिला कांग्रेस की प्रशांती सिंह के द्वारा भी महिलाओं को लेकर पूरे क्षेत्र में काम किया गया है। विशाल शुक्ला को सेक्टर अध्यक्ष बनाया गया था। उन्हें पांच वार्डो की जिम्मेदारी दी गई थी बांकी मोंगरा ब्लाक के अध्यक्ष टीकाराम मनहरण ने भी पूरे क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ काम किया था। एसईकेएमसी के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह को भी प्रचार की जवाबदारी दी गई थी। उन्होंने दीपका में सतीश सिंह, रामकुमार कौशिक , विजय प्रसाद को काम सौंपा था। गेवरा में गोपाल यादव, विकास शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारियों ने एटक शीटू के साथ मिलकर मोटर साइकिल रैली निकाली थी। बगदेवा में अजीत सिंह, धनी राम,उदेश्वर नायक, सिंघाली में संदीप राय, रमेश परिहार, श्याम सुन्दर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता काम रहे थे। इसी तरह कांग्रेस नेता श्याम नारायण सोनी ने भी अपनी टीम के साथ काम किया है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com